खरतरगच्छ शिरोमणि श्री जिनप्रभसूरि रचित

विधि मार्ग प्रपा

संशोधक एवं पुनर्सम्पादक

साहित्यवाचस्पति महोपाध्याय विनयसागर

प्रकाशक

प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर

श्री जैन श्वे. खरतरगच्छ संघ, सांचोर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विधि मार्ग प्रपा

जिनेश्वरसूरि सेआरम्भ हुई **सुविहित खरतरगच्छ** परम्परा में अनेक गीतार्थ विद्वान व धर्मप्रभावक महापुरुष हुए हैं। **जिनप्रभसूरि** इसी परम्परा की **लघु खरतर शाखा** के आचार्य **जिनसिंहसूरि** के पट्टधर विक्रम की चौदहवीं शताब्दी में हुए। इनका दिल्ली के सुल्तान **मुहम्मद तुगलक** पर बहुत अधिक प्रभाव था जिसका उपयोग इन्होंने शासन प्रभावना हेतु किया।

जिनप्रभसूरि ने अपने गच्छ की विशेषता, शास्त्रसम्मत आचार-चर्या, को सम्पूर्ण एवं सर्वांग रूप से **विधि-मार्ग-प्रपा** नामक ग्रन्थ में समेट कर भविष्य के लिए प्रामाणिक विधि-विधान उपलब्ध कराने का महत्त्वपूर्ण कार्य सम्पादित किया है। यह ग्रन्थ उन्होंने अपनी प्रौढावस्था में रचा था अत: लगभग समस्त विधि-विधानों के सन्दर्भ व प्रकियाएं उनके द्वारा स्वानुभूत थीं, केवल संकलन मात्र नहीं।

पुस्तक का रचना वैशिष्ट्य इस बात से प्रकट होता है कि श्रावक जीवन से संबंधित, श्रमण जीवन से संबंधित तथा दोनों के संयुक्त क्रियाकलापों से संबंधित सभी विधि-विधान इसमें समेट लिये गये हैं। इसे विधि-विधान का सन्दर्भ कोश कहा जाये तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। श्वेताम्बर आम्नाय के लगभग सभी गच्छ अपने समस्त विधि-विधान मूलत: इस अद्वितीय पुस्तक के आधार पर करते रहे हैं। कालान्तर में अपनी-अपनी परम्परा की कतिपय विशिष्टताएँ बताने के लिए कुछ परिवर्तन कर इस विषय के पृथक् ग्रन्थ तैयार किये गये, किन्तु आधार ग्रन्थ यही रहा।

विधि-विधान की सन्दर्भ पुस्तक होने के कारण इसका महत्त्व जितना श्रमण समुदाय के लिए है, उतना ही धर्मिष्ठ समुदाय तथा विद्वज्जनों के लिए भी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्राकृत भारती अकादमी पुष्प – १३२

यवन सम्राट् सुलतान महम्मद तुगलक प्रतिबोधक
शासन प्रभावक श्रीजिनप्रभसूरि प्रणीत

विधिमार्गप्रपा

नाम

सुविहित - समाचारी

प्रधान - सम्पादक

साहित्यवाचस्पति महोपाध्याय विनयसागर

प्रथम संस्करण सम्पादक

पद्मश्री पुरातत्त्वाचार्य मुनि जिनविजय

ॐ

प्रकाशक

प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर
श्री खरतरगच्छ संघ, सांचोर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशक :
सचिव, प्राकृत भारती अकादमी
१३ - ए , मेन मालवीय नगर,
जयपुर - ३०२०१७
☎ ५२४८२७, ५२४८२८

अध्यक्ष, श्री जैन श्वे० खरतरगच्छ संघ
कुशल भवन, सुनारों का वास,
सांचोर - ३४३०४१

पुनर्मुद्रण : २०००

© प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर (राज.)

मूल्य :

मुद्रक :
पॉपुलर प्रिन्टर्स
जयपुर

VIDHI MARGA PRAPĀ / JINA PRABHASŪRI :

✿ EDITOR : M. VINAY SAGAR ✿

Reprint : 2000 Price Rs.125/-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्पादकीय

श्वेताम्बर जैन आम्नाय की जो विभिन्न शाखाएं आज विद्यमान हैं उनमें सबसे प्राचीन शाखा है खरतरगच्छ। विक्रम की ग्यारहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध तक श्वेताम्बर जैन श्रमण वर्ग में शिथिलाचार अपने चरम तक पहुंच चुका था। जैन श्रमण की शास्त्र-सम्मत आत्म-साधना की ओर प्रेरित सतत विद्यार्जन और कठोर - चर्या का स्थान चैत्यवाद और सुविधा सम्पन्न - चर्या ने ले लिया था। यद्यपि अनेक चैत्यवासी श्रमण आत्म-साधना, विद्याध्ययन, चिन्तन व सृजन कार्यों में संलग्न थे, किन्तु शिथिलाचार का व्यामोह धीरे-धीरे आत्म-कल्याण के पद को लीलता जा रहा था।

इन विषम परिस्थितियों में भी कुछ क्रियासम्पन्न आत्म-साधक श्रमण इस शिथिलाचार तथा धर्महास से चिंतित एवं जिन-वाचित विशुद्ध साधना-मार्ग की पुनर्स्थापना की ओर प्रयत्नरत थे। इस पुनरुत्थान के कार्य को सम्पन्न करने का साहसी संकल्प लिया वर्धमानसूरि ने। वे अपनी चैत्यवासी परम्परा की सुविधाओं को त्याग सुविहित मार्ग के शीर्षस्थ आचार्य उद्योतनसूरि के शिष्य बन गये और अपने संकल्प को क्रियान्वित करने में जुट गए।

वर्धमानसूरि ने अपने शिष्य समुदाय – जिनेश्वरसूरि, बुद्धिसागरसूरि आदि समुदाय को इस हेतु विद्याभ्यास करवाया तथा विशुद्धचर्या में दृढ किया। जब उन्हें विश्वास हो गया कि उनका समुदाय यथेष्ट आध्यात्मिक तथा बौद्धिक शक्ति से संपन्न हो चुका है तब वे पाटण आए । जो उस काल में चैत्यवासियों का गढ था। यहाँ के राजा दुर्लभराज की राजसभा में १०७२ से १०७६ विक्रम के मध्य किसी समय चैत्यवासी सम्प्रदाय के प्रमुख आचार्य सूराचार्य से जिनेश्वरसूरि का शास्त्रार्थ हुआ। इसी शास्त्रार्थ में जिनेश्वरसूरि ने स्थापित किया कि चैत्यवास-चर्या शास्त्रविरुद्ध है और विशुद्ध सुविहितचर्या शास्त्रसम्मत। **जिनेश्वरसूरि** की ओजस्विता और प्रमाणों की अकाट्यता से प्रभावित हो दुर्लभराज ने उन्हें **खरतर विरुद** से सम्मानित किया।

जिनेश्वरसूरि से आरम्भ हुई **सुविहित खरतरगच्छ** परम्परा में अनेक गीतार्थ विद्वान व धर्मप्रभावक महापुरुष हुए। जिन्होंने जैन साहित्य की संपदा को निरन्तर वर्धित किया। **जिनप्रभसूरि इसी परम्परा की लघु खरतर शाखा** के आचार्य **जिनसिंहसूरि** के पट्टधर विक्रम की चौदहवीं शताब्दी में हुए। **इनकी** अनेक रचनाओं में से दो का सर्वकालीन महत्त्व है – १. **विविध तीर्थकल्प** और २. **विधि-मार्ग-प्रपा**। इनका दिल्ली के सुल्तान **मुहम्मद तुगलक** पर बहुत अधिक प्रभाव था जिसका उपयोग इन्होंने शासन प्रभावना हेतु किया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शास्त्रसम्मत आचार-चर्या खरतरगच्छ की विशेषता रही है। जिनप्रभसूरि ने अपने गच्छ की इसी विशेषता को सम्पूर्ण एवं सर्वांग रूप से इस ग्रन्थ में समेट कर भविष्य के लिए प्रामाणिक विधि-विधान उपलब्ध कराने का महत्त्वपूर्ण कार्य सम्पादित किया है। यह ग्रन्थ उन्होंने अपनी प्रौढावस्था में रचा था अत: लगभग समस्त विधि-विधानों के सन्दर्भ व प्रकियाएं उनके द्वारा स्वानुभूत थीं, केवल संकलन मात्र नहीं।

पुस्तक का रचना वैशिष्ट्य इस बात से प्रकट होता है कि श्रावक जीवन से संबंधित, श्रमण जीवन से संबंधित तथा दोनों के संयुक्त क्रियाकलापों से संबंधित सभी विधि-विधान इसमें समेट लिये गये हैं। इसे विधि-विधान का सन्दर्भ कोश कहा जाये तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। श्वेताम्बर आम्नाय के लगभग सभी गच्छ अपने समस्त विधि-विधान मूलत: इस अद्वितीय पुस्तक के आधार पर करते रहे हैं। कालान्तर में अपनी-अपनी परम्परा की कतिपय विशिष्टताएँ बताने के लिए कुछ परिवर्तन कर इस विषय के पृथक् ग्रन्थ तैयार किये गये, किन्तु आधार ग्रन्थ यही रहा।

इस ग्रन्थ का प्रथम संस्करण का प्रकाशन श्री जिनदत्तसूरि पुस्तकोद्धार फण्ड, सूरत के द्वारा ईस्वी सन १९४१ में हुआ था। यह संस्था गच्छ के प्रभावक आचार्य श्री जिनकृपाचन्द्रसूरिजी महाराज ने स्थापित की थी और आचार्य श्री जयसागरसूरि, उपाध्याय सुखसागरजी, मुनि श्री मंगलसागरजी एवं प्रसिद्ध पुरातत्त्वविद् मुनि कान्तिसागरजी के प्रयासों से अनेकों ग्रन्थ प्रकाशित हुए थे जो आज दुर्लभ हैं।

हस्तलिखित पाण्डुलिपियों के आधार पर इसका सम्पाद पद्मश्री पुरातत्त्वाचार्य **मुनि जिनविजयजी** ने किया था। उन्होंने इस ग्रन्थ की बिस्तृत भूमिका लिखी है तथा श्री **अगरचन्दजी नाहटा** श्री **भँवरलालजी नाहटा** ने जिनप्रभसूरि के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला है। इन विद्वानों ने जैन साहित्य को प्रकाश में लाने का जो महत्त्वपूर्ण काम किया है। उसके लिए यहाँ आभार प्रकट करना समीचीन होगा।

जिनप्रभसूरि द्वारा रचित ग्रन्थों व स्तोत्रों की जो सूची नाहटा बन्धुओं ने इनकी जीवनी में दी है उसके अतिरिक्त भी इनकी रचनाओं का उल्लेख मिलता है। इस विषय में विस्तार से चर्चा मेरी पुस्तक **शासन प्रभावक आचार्य जिनप्रभसूरि और उनका साहित्य** में देखी जा सकती है। नाहटा बन्धुओं की सूची के अतिरिक्त रचनाओं की सूची निम्न प्रकार हैं :-

क्रमांक	रचना नाम	क्रमांक	रचना नाम
१.	गुणानुरागकुलक	२.	कालचक्रकुलक
३.	उपदेशकुलक	४.	परमात्मद्वात्रिंशिका
५.	प्रायश्चितविशुद्धि	६.	व्यवस्था पत्र
७.	शेषसंग्रह टीका	८.	भवियकुटुम्बचरियं
९.	गायत्री विवरण	१०.	ह्रींकारकल्प
११.	शक्रस्तवाम्नाय	१२.	अलंकार कल्प विधि
१३.	सारस्वतदीपक		

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमांक	रचना नाम	आदि पद	पद्य संख्या
१.	पंचपरमेष्ठिस्तव:	परमेष्ठिनं सुरतरून्०	७
२.	चतुर्विंशतिजिनस्तव:	नाभेयं शोचि निर्ममो०	२५
३.	पुण्डरीकगिरिमण्डण-ऋषभस्तव: (कातन्त्रसन्धिसूत्रगर्भित)	सिद्धो वर्णसमाम्नाय:०	२३
४.	युगादिदेवस्तव:	मेरौ दुग्धपयोधि वा०	३३
५.	शान्तिजिनस्तव:	शृंगारभासुरसुरासुर०	२४
६.	अरजिनस्तव:	जय शरदशकलदशहयवदन०	१४
७.	पार्श्वजिनस्तव:	श्रीपार्श्वपरमात्मानं०	८
८.	वीरजिनस्तव:	विश्वश्रीधुरच्छिदे०	२१
९.	तीर्थमालास्तव:	चउवीसंपि जिणिंदे०	१२
१०.	स्तुतित्रोटक:	ते धन्नपुन्नसुकयत्थनरा०	४
११.	सुधर्मगणधरस्तव: (विविधछंदमय)	आगमत्रिपथगा हिमवन्तं०	२१
१२.	पद्मावतीचतुष्पदिका	जिणसासणु अवधारि०	३७
१३.	वर्धमानविद्यास्तव:	आसि किलठुत्तरसय०	१७
१४.	परमतत्त्वावबोधद्वात्रिंशिका	धर्माधर्मान्तरं मत्वा०	३२
१५.	हीयाली (अपूर्ण)	चारि चलण चउ०	

इनमें से अप्रकाशित १८ लघु कृतियाँ एवं स्तोत्र तथा जिनप्रभसूरि परम्परा के ४ गीत '**शासन प्रभावक आचार्य जिनप्रभ और उनका साहित्य**' में प्रकाशित किये हैं।

श्री जिनदत्तसूरि पुस्तकोद्धार फण्ड, सूरत और सिंघी जैन ग्रन्थमाला ने अनेक दुर्लभ ग्रन्थों को पुस्तकाकार व पत्राकार रूप में प्रकाशित किया था। दुर्भाग्यवश पुनर्मुद्रण के अभाव में यह पुस्तकें आज सहज उपलब्ध नहीं हैं। आचार्य प्रवर श्री मुनिचन्द्रसूरिजी महाराज की सत्प्रेरणा से प्राकृत भारती ने इस कमी को दूर करने के लिए एक-एक कर उन सभी पुस्तकों के पुनर्मुद्रण की योजना बनाई है जिनकी वर्तमान शोधकर्त्ताओं तथा श्रमणवर्ग को आवश्यकता पड़ती है।

इसी योजना के अन्तर्गत **विधि-मार्ग-प्रपा** पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत करते हुए हमें हर्ष होता है। विधि-विधान की सन्दर्भ पुस्तक होने के कारण इसका महत्त्व जितना श्रमण समुदाय के लिए है, उतना ही धर्मिष्ठ समुदाय तथा विद्वज्जनों के लिए भी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्राकृत के इस ग्रन्थ का अभी तक हिन्दी अनुवाद नहीं हुआ था। ऐसे व्यापक उपयोग के ग्रन्थ का हिन्दी अनुवाद समाज की एक महति आवश्यकता है। हमें प्रसन्नता है कि अब यह कार्य भी संपन्न प्राय है। मेरे सहयोग से प्रवर्तिनी श्री **सज्जनश्रीजी** महाराज साहब व विदुषी साध्वी श्री **शशिप्रभाश्रीजी** म. सा. की शिष्या साध्वी श्री **सौम्यगुणाश्रीजी** म.इस ग्रन्थ के अनुवाद, समीक्षात्मक एवं गवेषणात्मक अध्ययन पर काम कर रही हैं। उनका यह कार्य पूर्ण होने पर इस ग्रन्थ के दूसरे भाग के रूप में **प्राकृत भारती अकादमी** द्वारा प्रकाशित किया जायेगा।

हमें हार्दिक प्रसन्नता है कि सज्जनमणि आर्या रत्न श्री शशिप्रभाश्रीजी म० सा. के सदुपदेश से श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ, सांचोर ने संयुक्त प्रकाशन हेतु अर्थ सहयोग प्रदान किया है, अत: हम इन दोनों के आभारी हैं।

म. विनयसागर
निदेशक
प्राकृत भारती अकादमी
जयपुर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्व. प्रवर्तिनी सज्जनश्रीजी म. सा.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रवर्तिनी श्री सज्जनश्रीजी महाराज : एक परिचय

— सौम्यगुणाश्री

प्रवर्तिनी श्री सज्जनश्रीजी म० सा. समता, समन्वय व उदारता का एक अद्‌भुत उदाहरण थीं। क्यों न होतीं, उन्होंने अपने जीवन में श्वेताम्बर जैन परम्परा की तीनों मुख्य धाराओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया था। तेरापंथी परिवार में जन्म लिया, स्थानकवासी परिवार में ब्याही गई और मूर्तिपूजक साध्वी संघ में दीक्षित हुईं।

विक्रम संवत् १९६५ की वैशाख पूर्णिमा के दिन जयपुर के तेरापन्थ समाज के अग्रणी श्रावक श्री गुलाबचन्दजी लूणिया व उनकी धर्मपत्नी मेहताब बाई के घर जन्म लिया सज्जन कुमारी ने। धर्मपरायण परिवार में पलती-बढती इस कन्या के पूर्व जन्म के संस्कार ही ऐसे थे कि उसे साध्वियों के आचार-व्यवहार की नकल करना भाता था। मात्र तीन वर्ष की आयु से ही वह प्रातःकाल अपने माता-पिता के साथ सामायिक करने बैठ जाती थी।

पाँच वर्ष की आयु में एक बार वह अपने पिताश्री के साथ योगिराज शिवजीरामजी म० के दर्शन करने गई। शिवजीरामजी म० ने बालिका के मुख मण्डल पर कुछ अद्‌भुत चिन्ह देखकर कहा कि यह तो कुलदीपिका विदुषी साध्वी बनेगी। माता-पिता चिन्तित तो हुए किन्तु अन्ततः सज्जन कुमारी का विवाह जयपुर के प्रसिद्ध दीवान नथमलजी गोलेछा के पौत्र कल्याणमलजी के साथ कर दिया। यह परिवार स्थानकवासी आम्नाय का था।

सज्जन कुमारी का रुझान सांसारिक कृत्यों में न होकर आध्यात्म की ओर ही बना रहा। वह मीरा की भाँति ससुराल में रहकर भी अर्हत् भक्ति में निमग्न रहीं।

संयोगवश उन्हें अपनी बुआ सास के पास कोटा जाकर रहना पडा। उस समय कोटा में महोपाध्याय श्री सुमतिसागरजी म० सा., उपाध्याय श्री मणिसागरजी म० सा., प्रवर्तिनी ज्ञानश्रीजी म० सा. आदि का बिराजना था। सज्जन कुमारी अपनी बुआ सास के साथ प्रवचनों में जाया करती थीं और अपनी धर्म-जिज्ञासा को संतुष्ट करती थीं। इसी प्रवास के समय उन्होंने तपस्याओं का क्रम आरंभ किया। अनेक कठोर तप करने के पश्चात् वर्षी तप करने हेतु अपने पति से आज्ञा ली। जयपुर में उन्होंने ही उ. श्री मणिसागरजी म० सा. की निश्रा में अपने पति के साथ उपधान तप भी किया। धर्म साधना के प्रति ऐसा अनुराग देख अन्ततः परिवार ने उन्हें दीक्षा की अनुमति दी। आषाढ शुक्ला-२ विक्रम संवत् १९९९ को जयपुर में प्रवर्तिनी ज्ञानश्रीजी म० सा. के सान्निध्य में तथा उपाध्याय श्री मणिसागरजी म० सा. के कर-कमलों से नथमलजी के कटले में दीक्षित हो सज्जन कुमारी से सज्जनश्री बन गई।

नूतन साध्वी सज्जनश्रीजी म. सा. की बडी दीक्षा संवत् २००० में लोहावट में आचार्य श्री जिनहरिसागरसूरिजी म० सा. के वरदहस्त से हुई। इसके पश्चात् अपनी गुरुवर्या प्रवर्तिनी श्री ज्ञानश्रीजी म.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सा. की वृद्धावस्था के कारण तीन चातुर्मास जयपुर में किए। इस काल में गुरुसेवा के साथ-साथ अपने अध्ययन तथा लेखन को परिपक्व करने की साधना भी निरन्तर चलती रही और अपने समय की परम विदुषी साध्वी बन गईं।

सरल स्वभावी और धर्मपरायणा सज्जनश्रीजी म. सा. को मधुर स्वर और प्रभावी व्यक्तित्व के गुण जन्मजात मिले थे। अध्ययन और चिन्तन ने इन गुणों को निरन्तर निखारा और वे एक प्रभावी व्याख्यानदात्री बन गईं। अपने विहार काल में वे जहां-जहां गईं वहीं अपना विशिष्ट प्रभाव छोड़ा।

जयपुर से मालपुरा को किए प्रथम विहार से आरंभ हुआ उनका पदयात्रा क्रम ४८ वर्ष पश्चात जयपुर में ही समाप्त हुआ। इस बीच उन्होंने राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार और बंगाल आदि स्थानों में विशिष्ट शासन प्रभावना करते हुये अनेक तीर्थ यात्राएं की।

सज्जनश्रीजी म. ने अपनी धर्म-यात्रा में प्रवचन, तप, स्वाध्याय आदि के साथ-साथ साहित्य सृजन के महत्त्वपूर्ण कार्य भी सम्पन्न किए। प्रखर विश्लेषण क्षमता और गहन विषय को सहज शैली में प्रस्तुत करने की प्रतिभा ने उन्हें धर्म-संदेश को जनजन तक पहुँचाने की विलक्षण योग्यता प्रदान की थी।

दीक्षा की रजत जयंती के अवसर पर जयपुर में आयोजित कार्यक्रमों में अनेक स्थानीय विद्वानों ने आपके कृतित्व की भूरि-भूरि प्रशंसा की व "सिद्धान्तविशारद" की उपाधि से विभूषित किया।

आपके द्वारा रचित एवं अनुदित निम्न साहित्य प्राप्त हैं :– १. पुण्य जीवन-ज्योति, २. श्रमण सर्वस्व, ३. देशनासार, ४. द्रव्य-प्रकाश, ५. कल्पसूत्र, ६. चैत्य-वन्दन कुलक, ७. द्वादशपर्व व्याख्यान, ८. श्री देवचन्द चौबीसी स्वोपज्ञ, ९. सज्जन संगीत सुधा, १०. सज्जन भजन भारती, ११. सज्जन-जिनवन्दन विधि, १२. तत्त्व ज्ञान प्रवेशिका इत्यादि।

विक्रम संवत् २०३२ में आपके गंभीर शास्त्र ज्ञान के अभिज्ञान स्वरूप प्रवर्तिनी श्री विचक्षणश्रीजी म. ने जयपुर श्रीसंघ की उपस्थिति में आपको आगम-ज्योति विरुद से अलंकृत किया। विक्रम संवत् २०३९ में जोधपुर में आचार्य श्री जिनकान्तिसागरसूरिजी म. सा. के कर कमलों से आपको प्रवर्तिनी पद प्रदान किया। १९८९ में जयपुर संघ ने राष्ट्रीय स्तर पर आपकी विशिष्ट ज्ञान गरिमा का भावभरा अभिनन्दन किया तथा इसी अवसर पर आपके अनुपम व्यक्तित्व एवं कृतित्व को उजागर करने वाले विशिष्ट विषयों से संयुक्त 'श्रमणी' नामक एक अभिनन्दन ग्रन्थ भी प्रकाशित कर आपको भेंट किया गया।

आगम-ज्योति प्रवर्तिनी श्री सज्जनश्रीजी म० सा. का अन्तिम चातुर्मास उनकी जन्मस्थली जयपुर में ही हुआ। जयपुर के जैन समाज के चारों सम्प्रदायों द्वारा अभिनन्दन के छः माह पश्चात् मौन एकादशी के दिन ९ दिसम्बर, १९८९ को यह तपःपूत आत्मा आगम-ज्योति परम-ज्योति में विलीन हो गई। मोहनवाडी जयपुर में आपका दाह संस्कार किया गया। इसी स्थान पर जयपुर संघ ने आपकी स्मृति रूप एक भव्य स्मारक – मन्दिर का निर्माण कराया है जिसमें, ९ फरवरी, १९९८ को विराट समारोह के साथ आपकी मूर्ति प्रतिष्ठापित की गई है। आपका शिष्या परिवार – सज्जनमणि आर्या शशिप्रभाश्रीजी म. आदि आपके द्वारा जगाई गई श्रुत साधना की अलख को निरन्तर प्रचारित व प्रसारित करती हुईं शासन सेवा में प्रयत्नशील हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विधिमार्गप्रपागतविषयानुक्रमणिका

संपादकीय प्रस्तावना	पृ. अ–ऐ
श्रीजिनप्रभसूरिका संक्षिप्त जीवनचरित्र	१–२१
जिनप्रभसूरिकी परम्पराके प्रशंसात्मक कुछ गीत और पद	२२–२४
१ सम्मत्तारोवणविही	१–३
२ परिग्गहपरिमाणविही	४–६
३ सामाइयारोवणविही	६
४ सामाइयग्गहण-पारणविही	६
५ उवहाणनिक्खिवणविही	६–९
– पंचमंगलउवहाण	९
६ उवहाणसामायारी	१०
७ उवहाणविही	१२–१४
८ मालारोवणविही	१५–१६
९ उवहाणपइट्ठापंचासगपगरण	१६–१९
१० पोसहविही	१९–२२
११ देवसियपडिक्कमणविही	२३
१२ पक्खियपडिक्कमणविही	२३
१३ राइयपडिक्कमणविही	२४
१४ तवोविही	२५–२९
१५ नंदिरयणाविही	२९–३३
१६ पवज्जाविही	३४–३५
१७ लोयकरणविही	३६
१८ उवओगविही	३७
१९ आइमअइणविही	३७
२० उवट्ठावणाविही	३८–४०
२१ अणज्झायविही	४०–४२
२२ सज्झायपट्ठवणविही	४२–४४
२३ जोगनिक्खेवणविही	४४–४६
२४ जोगविही	४६–६२
– दसवेयालियजोगविही	४९
– उत्तरज्झयणजोगविही	५०
– आयारंगविही	५१
– सूयगडंगविही	५२
– ठाणंगविही	५२
– समवायंगविही	५२
– निसीहाइच्छेयसुत्तविही	५२
– भगवईजोगविही	५४
– नायाधम्मकहांगविही	५६
– उवासगदसंगविही	,,
– अंतगडदसंगविही	,,
– अणुत्तरोववाइयदसंगविही	,,
– पण्हावागरणंगविही	,,
– विवागसुयंगविही	,,
– ओवाइयाइ-उवंगविही	५७
– पइण्णगविही	५८
– महानिसीहजोगविही	,,
– जोगविहाणपयरणं	५८–६२
२५ कप्पतिप्पसामायारी	६२–६४
२६ वायणाविही	६४
२७ वायणारियपयट्ठावणाविही	६५
२८ उवज्झायपयट्ठावणाविही	६६
२९ आयरियपयट्ठावणाविही	६६–७१
– पवत्तिणीपयट्ठावणाविही	७१
३० महत्तरापयट्ठावणाविही	७१–७४
३१ गणाणुण्णाविही	७४–७६
३२ अणसणविही	७७
३३ महापारिट्ठावणियाविही	७७–७९
३४ आलोयणविही	७९–९७
– णाणाइयारपच्छित्तं	९१
– दंसणाइयारपच्छित्तं	,,
– मूलगुणायच्छित्तं	,,
– पिंडालोयणाविहाणपगरणं	८२–८६
– उत्तरगुणाइयारपच्छित्तं	८८
– विरियाइयारपच्छित्तं	८८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३४ देसविरइपायच्छित्तं ८८–९३
– आलोयणगहणविहीपगरणं ९३–९७
३५ पइट्ठा विही ९७–११४
– प्रतिष्ठाविधिसंग्रहगाथा १०३
– अधिवासनाधिकार १०४
– नन्द्यावर्तलेखनविधि १०५
– जलानयनविधि १०६
– कलशारोपणविधि १०८
– ध्वजारोपणविधि १०९
– प्रतिष्ठोपकरणसंग्रह १०९
– कूर्मप्रतिष्ठाविधि ११०
– प्रतिष्ठासंग्रहकाव्यानि १११
– प्रतिष्ठाविधिगाथा ११२
– कथारत्नकोशीय ध्वजारोपणविधि ११४
३६ ठवणायरियपइट्ठाविही ११४
३७ मुद्राविधि ११४–११६
३८ चउसट्ठिजोगिणीउवसमप्पयार ११७
३९ तित्थजत्ताविही ११८
४० तिहिविही ११९
४१ अंगविज्जासिद्धिविही ११९
– ग्रन्थप्रशस्ति १२०
– ग्रन्थकारकृत देवपूजाविधि १२१–११७
– जिनप्रभसूरिकृता प्राभातिकनामावली १२८
– ,, स्तुतित्रोटकादिस्तोत्र १२९–१३१
– विधिप्रपाग्रन्थान्तर्गत-अवतरणात्मक-पद्यानां अकारादिक्रमेण सूचिः १३२–१३४
– विशेषनाम्नां सूचिः १३५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शासनप्रभावक श्रीजिनप्रभसूरि ।

[संक्षिप्त जीवन चरित्र]

लेखक – श्रीयुत अगरचन्दजी और भँवरलालजी नाहटा, बीकानेर ।

जैनशासनमें प्रभावक आचार्योंका अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है, क्यों कि धर्मकी व्यावहारिक उन्नति उन्हीं पर निर्भर है । आत्मार्थी साधु केवल स्व-कल्याण ही कर सकता है; किन्तु प्रभावक आचार्य स्व-कल्याणके साथ साथ पर-कल्याण भी विशेष रूपसे करते हैं, इसी दृष्टिसे उनका महत्त्व बढ जाना स्वाभाविक है । प्रभावक आचार्य प्रधानतया आठ प्रकारके बतलाये हैं यथा –

पावयणी धम्मकही वाई नेमित्तिओ तवस्सी य ।
विज्जासिद्धा य कवी अट्ठे य पभावगा भणिया ॥

अर्थात् – प्रावचनिक, धर्मकथाप्ररूपक, वादी, नैमित्तिक, तपस्वी, विद्याधारक, सिद्ध और कवि ये आठ प्रकार के प्रभावक होते हैं ।

समय समय पर ऐसे अनेक प्रभावकोंने जैन शासनकी सुरक्षा की है, उसे लाञ्छित और अपमानित होनेसे बचाया है, अपने असाधारण प्रभावद्वारा लोकमानस एवं राजा, बाहशाह, मंत्री, सेनापति आदि प्रधान पुरुषोंको प्रभावित किया है । उन सब आचार्योंके प्रति बहुत आदरभाव व्यक्त किया गया है और उनकी जीवनियां अनेक विद्वानोंने लिख कर उनके यशको अमर बनाया है । प्रभावक चरित्रादि ग्रन्थोंमें ऐसे ही आचार्योंका जीवन वर्णन किया गया है ।

प्रस्तुत ग्रन्थ –

इस विधिप्रपाके कर्ता श्रीजिनप्रभ सूरि अपने समयके एक बडे भारी प्रभावक आचार्य थे । उन्होंने दिल्लीके सुलतान महमद बादशाह पर जो प्रभाव डाला वह अद्वितीय और असाधारण है । उसके कारण मुसलमानोंसे होने वाले उपद्रवोंसे संघ एवं तीर्थोंकी विशेष रक्षा हुई और जैन शासनका प्रभाव बढा । उन्होंने विद्वत्तापूर्ण और विविध दृष्टियोंसे अत्यन्त उपयोगी, अनेक कृतियां रच कर साहित्य भंडारको समृद्ध बनाया । पं० लालचंद भगवानदास गांधीने उनके सम्बन्धमें **"जिनप्रभसूरि अने सुलतान महमद"** नामक गुजराती भाषामें एक अच्छी पुस्तक लिखी है । पर उसमें ज्यों ज्यों सामग्री उपलब्ध होती रही त्यों त्यों वे जोडते गये अतः शृंखला नहीं रही ? हम उस पुस्तकके मुख्य आधारसे, पर स्वतंत्र शैलीसे, नवीन अन्वेषणमें उपलब्ध ग्रन्थोंके साथ सूरिजीका जीवन चरित्र इस निबन्ध में संकलित करते हैं ।

जिनप्रभ सूरिकी गुरु परम्परा –

खरतर गच्छके सुप्रसिद्ध वादी-प्रभावक श्रीजिनपति सूरिजीके शिष्य श्रीजिनेश्वर सूरिजीके शिष्य श्रीजिनप्रबोध सूरि हुए । इनके गुरुभ्राता श्रीमालगोत्रीय श्रीजिनसिंह सूरिजीसे खरतरगच्छकी लघु शाखा प्रसिद्ध हुई । इसका मुख्य कारण प्राकृत प्रबन्धावलीमें[1] यह बतलाया गया है कि–एक वार श्रीजिनेश्वर सूरि जी पल्हूपुर (पालणपुर) के उपाश्रयमें विराजते थे, उस समय उनके दण्डके अकस्मात् तड़तड़ शब्द करते हुए दो टुकड़े हो गए । सूरिजीने शिष्योंसे पूछा कि–'यह तड़तड़ाट कैसे हुआ ?' शिष्योंने कहा – 'भगवन् ! आपके दण्डेके दो टुकड़े हो गए' ! यह सुन कर सूरिजीने उसके फलका विचार करते हुए निश्चय किया कि मेरे पश्चात् मेरी शिष्य-सन्ततिमेंसे दो शाखाएं निकलेंगीं । अतः अच्छा हो, यदि मैं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्वयं ही ऐसी व्यवस्था कर दूं ताकि भविष्यमें संघमें किसी प्रकारका कलह न हो और धर्म-प्रचारका कार्य सुचारु रूपसे चलता रहे।

इसी अवसर पर (दिल्लीकी ओरके) श्रीमाल संघने आ कर आचार्यश्रीसे विज्ञप्ति की—'भगवन्! हमारी तरफ आजकल मुनियोंका विहार बहुत कम हो रहा है, अतः हमारे धर्मसाधनके लिये आप किसी योग्य मुनिको भेजें'। सूरिजीने पूर्वोक्त निमित्तका विचार कर श्रीमाल कुलोत्पन्न जिनसिंह गणिको सं० १२८० में (!) आचार्य पद और पद्मावती मंत्र दे कर कहा—'यह श्रीमाल संघ तुम्हारे सुपुर्द है; संघके साथ जाओ और उनके प्रान्तोंमें विहार कर अधिकाधिक धर्मप्रचार करो'। गुरुदेवकी आज्ञाको शिरोधार्य कर श्रीजिनसिंह सूरि श्रावकोंके साथ श्रीमाल ज्ञातीय लोगोंके निवास स्थलोंमें विहार करने लगे। उपकारीके नाते समस्त श्रीमाल संघने श्रीजिनसिंह सूरिजीको अपने प्रमुख धर्माचार्य रूपमें माना।

जिनप्रभ सूरिकी दीक्षा—

श्रीजिनसिंह सूरिजीने गुरुप्रदत्त पद्मावती मंत्रकी, छः मासके आयंबिल तप द्वारा साधना प्रारम्भ की। तत्परताके साथ नित्य ध्यान करने लगे। देवीने प्रगट हो कर कहा—'आपकी अब आयु बहुत थोड़ी रही है, अतः विशेष लाभकी संभावना कम है'। आचार्यश्रीने कहा—'अच्छा, यदि ऐसा है तो मेरे पट्टयोग्य शिष्य कौन होगा सो बतलावें, और उसे ही शासनप्रभावनामें प्रत्यक्ष व परोक्ष रूपसे सहायता दें'। पद्मावती देवीने कहा—'सोहिलवाड़ी नगरीमें श्रीमाल जातिके तांबी गोत्रीय महर्द्धिक श्रावक महाधर रहता है। उसके पुत्र रत्नपालकी भार्या खेतलदेवीकी कुक्षिसे उत्पन्न सुभटपाल नामक सर्वलक्षणसम्पन्न पुत्र है, वही आपके पट्टका प्रभावक सूरि[२] होगा'। देवीके इन वचनोंको सुन कर आचार्यश्री सोहिलवाड़ी नगरीमें पधारे। श्रावकोंने समारोह पूर्वक उनका स्वागत किया। एक बार आचार्यश्री श्रेष्ठिवर्य्य महाधरके यहां पधारे। श्रेष्ठिवर्य्यने भक्ति-गद्-गद् हो कर कहा—'भगवन्! आपने मुझ पर बड़ी कृपा की, आपके शुभागमनसे मैं और मेरा गृह पावन हो गया, मेरे योग्य सेवा फरमावें!' आचार्यश्रीने कहा—'महानुभाव! तुम्हारा धर्मप्रेम प्रशंसनीय है, भावी शासन-प्रभावनाके निमित्त तुम्हारे बालकोंमेंसे सुभटपालकी भिक्षा चाहता हूं। संसारमें अनेक प्राणी अनेक बार मनुष्य जन्म धारण करते हैं लेकिन साधनाभावसे अपनी प्रतिभाको विकशित करनेके पूर्व ही परलोकवासी हो जाते हैं। मानव जन्मकी सफलताके लिये त्याग ही सर्वोत्तम साधन है जिसके द्वारा धर्मका अधिकाधिक प्रचार और आत्माका कल्याण हो सकता है। आशा है तुम्हें मेरी याचना स्वीकृत होगी। इससे तुम्हारा यह बालक केवल तुम्हारे वंशको ही नहीं बल्कि सारे देश और धर्मको दीपाने वाला उज्ज्वल रत्न होगा।

---

१ इस प्रबन्धावलीकी एक पुरानी प्रति श्रीजिनविजयजीके पास है, उससे नकल करके जिनप्रभसूरि प्रबंधको हमने 'जैन सत्यप्रकाश' मासिकमें प्रकाशित किया। जिसका गुजराती अनुवाद पं० लालचंद भगवानदासने अपने '**जिनप्रभसूरि अने सुलतान महमद**' नामक पुस्तकमें प्रकाशित किया है। प्रबन्धावलीकी एक और प्रति श्रीहरिसागरसूरिजीके पास भी देखी थी। वह प्रति सं० १६२२ आश्विन सुदि १५ को लिखी हुई थी। श्रीजिनविजयजी वाली प्रति भी लगभग इसके समकालीन लिखित प्रतीत होती है।

२ 'खरतर गच्छ पट्टावली संग्रह'में प्रकाशित १७ वीं शताब्दीकी पट्टावली नं० ३ में लिखा है कि—इनका जन्म झुंझनूके तांबी श्रीमालके यहां हुआ था। ये उनके पांच पुत्रोंमेंसे तृतीय पुत्र थे। बीकानेरके जयचंदजीके भंडारकी पट्टावलीमें लिखा है कि बागड़ देशके वडौदा ग्रामके किसी श्रावकके छोटे पुत्र थे। इन्हें ११ वर्षकी छोटी उम्रमें आचार्य पद मिला।

श्रीजिनप्रभ सूरिजीके जन्म संवत्का उल्लेख कहीं देखने में नहीं आया; पर सं० १३५२ में इन्होंने कातन्त्र विभ्रमवृत्तिकी रचना की थी। उस समय इनकी आयु २०–२५ वर्षकी आवश्य होगी, अतः जन्म सं० १३२५ के लगभग होना संभव है। प्रबन्धावलीमें दीक्षा का समय सं० १३२६ लिखा है पर वह शंकित मालूम देता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संपादकीय प्रस्तावना ।

सिंघी जैन ग्रन्थ मालामें प्रकाशित श्रीजिनप्रभसूरिकृत विविधतीर्थकल्प नामक अद्वितीय ग्रन्थका संपादन करते समय ही हमारे मनमें इनके बनाये हुए ऐसे ही महत्त्वके इस विधिप्रपा नामक ग्रन्थका संपादन करनेका भी संकल्प हुआ था और इसके लिये हमने इस ग्रन्थकी हस्तलिखित प्रतियां भी इकट्ठी करनेका प्रयत्न करना प्रारंभ किया था। इतनेमें, संवत् १९९५ में, बंबईके महावीर स्वामीके मन्दिरमें चातुर्मासार्थ रहे हुए सौम्यमूर्ति उपाध्यायवर्य श्रीसुखसागरजी महाराज व उनके साहित्यप्रकाशनप्रेमी शिष्यवर श्रीमुनि मंगलसागरजीसे साक्षात्कार हुआ, और प्रासङ्गिक वार्तालाप करते हुए हमने इनके पास विधिप्रपाकी कोई अच्छी प्रतिके होनेकी पृच्छा की। इस पर उपाध्यायजी महाराजने इच्छा प्रकट की कि–"इस ग्रन्थको प्रकाशित करनेकी तो हमारी भी बहुत समयसे प्रबल इच्छा हो रही है और यदि आप इस कामको हाथमें लें तो हमारे लिये बहुत ही आनन्द और अभिमानकी बात होगी; और हम श्रीजिनदत्तसूरि-प्राचीन-पुस्तकोद्धार फण्ड की ओरसे इसके प्रकाशित करनेका बडे प्रमोदसे प्रबन्ध करेंगे"–इत्यादि। चूं कि यह ग्रन्थ खरतर गच्छके एक बहुत बडे प्रभाविक आचार्यकी प्रमाणभूत कृति है और इसमें खास करके इस गच्छकी सामाचारीके सम्मत विधि-विधानोंका ही गुम्फन किया हुआ है इसलिये यदि यह श्रीजिनदत्तसूरि-प्राचीन-पुस्तकोद्धार-ग्रन्थावलिमें गुम्फित हो कर प्रकाशित हो तो और भी विशेष उचित और प्रशस्त होगा–ऐसा सोच कर हमने उपाध्यायजी महाराजकी आदरणीय इच्छाका सहर्ष स्वीकार कर लिया और इनके सौजन्यपूर्ण सौहार्दभावके वशीभूत हो कर हमने, इस ग्रन्थका यह प्रस्तुत संपादन कर, इनकी स्नेहाङ्कित आज्ञाका, इस प्रकार यथाशक्ति सादर पालन किया।

उपाध्यायजीकी यह प्रबल उत्कंठा थी कि इनके बंबईके वर्षानिवास दरम्यान ही इस ग्रन्थका प्रकाशन हो जाय तो बहुत ही अच्छा हो, पर हम इसको इतना शीघ्र पूरा न कर सके। क्यों कि हमारे हाथमें सिंघी जैन ग्रन्थमालाके अनेकानेक ग्रन्थोंका समकालीन संपादनकार्य भरपूर होनेके अतिरिक्त, बम्बईमें नवीन प्रस्थापित भारतीय विद्या-भवनकी ग्रन्थावलि और 'भारतीय विद्या' नामक संशोधन विषयक प्रतिष्ठित त्रैमासिक पत्रिकाका विशिष्ट संपादन-कार्य भी हमारे ऊपर निर्भर है, इसलिये प्रस्तुत ग्रन्थके संपादनमें कुछ विलंब होना अनिवार्य था।

*

ग्रन्थका नामाभिधान।

इस ग्रन्थका संपूर्ण नाम, जैसा कि ग्रन्थकी सबसे अन्तकी गाथामें सूचित किया गया है, विधिमार्गप्रपा नाम सामाचारी (विहिमग्गपवा नामं सामायारी, देखो पृ० १२०, गाथा १६) ऐसा है। पर इसकी पुरानी सब प्रतियोंमें तथा अन्यान्य उल्लेखोंमें भी संक्षेपमें इसका नाम 'विधिप्रपा' ऐसा ही प्रायः लिखा हुआ मिलता है; इसलिये हमने भी मूल ग्रन्थमें इसका यही नाम सर्वत्र मुद्रित किया है; पर वास्तवमें ग्रन्थकारका निजका किया हुआ पूर्ण नामाभिधान अधिक अन्वर्थक और संगत मालूम देता है, इसलिये पुस्तकके मुखपृष्ठ पर यह नाम मुद्रित करना अधिक उचित समझा है। इस 'विधिमार्ग' शब्दसे ग्रन्थकारका खास विशिष्ट अभिप्राय उद्दिष्ट है। सामान्य अर्थमें तो 'विधिमार्ग' का 'क्रियामार्ग' ऐसा ही अर्थ विवक्षित होता है, पर यहांपर विशेष अर्थमें खरतरगच्छीय विधि-क्रिया-मार्ग ऐसा भी अर्थ अभिप्रेत है। क्यों कि खरतर गच्छका दूसरा नाम विधिमार्ग है और इस सामाचारीमें जो विधि-विधान प्रतिपादित किये गये हैं वे प्रधानतया खरतर गच्छके पूर्व आचार्यों द्वारा स्वीकृत और सम्मत हैं। इन विधि-विधानोंकी प्रक्रियामें और और गच्छके आचार्योंका कहीं कुछ मतभेद हो सकता है और है भी सही। अतएव ग्रन्थकारने स्पष्ट रूपसे इसके नाममें किसीको कुछ भ्रान्ति न हो इसलिये इसका 'विधिमार्गप्रपा' ऐसा अन्वर्थक नामकरण किया है। तदुपरान्त, ग्रन्थकारने, ग्रन्थकी प्रशस्तिकी प्रथम गाथामें, यह भी सूचित किया है कि–'भिन्न भिन्न गच्छोंमें प्रवर्तित अनेकविध सामाचारियोंको देख कर शिष्योंको किसी प्रकारका मतिभ्रम न हो इसलिये अपने गच्छकी प्रतिबद्ध ऐसी यह सामाचारी हमने लिखी है।' इसलिये इसका यह 'विधिमार्ग प्रपा' नाम सर्वथा सुन्दर, सुसंगत और वस्तुसूचक है ऐसा कहनेमें कोई अत्युक्ति नहीं होगी।

*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस ग्रन्थकी विशिष्टता।

यों तो श्रीजिनप्रभ सूरिकी – जैसा कि इसके साथमें दिये हुए उनके चरित्रात्मक निबन्धसे ज्ञात होता है – साहित्यिक कृतियां बहुत अधिक संख्यामें उपलब्ध होती हैं; पर उन सबमें, इनकी ये दो कृतियां सबसे अधिक महत्त्वकी और मौलिक हैं – एक तो 'विविध तीर्थ कल्प'; और दूसरी यह 'विधिमार्गप्रपा सामाचारी'। 'विविधतीर्थ कल्प' नामक ग्रन्थके महत्त्वके विषयमें, संक्षेपमें पर सारभूत रूपसे, हमने अपनी संपादित आवृत्तिकी प्रस्तावनामें लिखा है, इसलिये उसकी यहांपर पुनरुक्ति करनेकी कोई आवश्यकता नहीं। यह विधिप्रपा ग्रन्थ कैसा महत्त्वका शास्त्र है इसका परिचय तो जो इस विषयके जिज्ञासु और मर्मज्ञ हैं उनको इसका अवलोकन और अध्ययन करनेहीसे ठीक ज्ञात हो सकता है। स्व० जर्मन विद्वान् प्रो० वेबरने जो 'सेक्रेड बुक्स् ऑफ दी जैनस्' इस नामका सुप्रसिद्ध और सुपठित ऐसा जैनागमोंका परिचायक मौलिक निबन्ध लिखा है उसमें मुख्य आधार इसी ग्रन्थका लिया है।

*

ग्रन्थका रचना-समय।

जिनप्रभ सूरिने इस ग्रन्थकी रचना समाप्ति वि. सं. १३६३ के विजयादशमीके दिन, कोशला अर्थात् अयोध्या नगरीमें की है। इसकी प्रथम प्रति उनके प्रधान शिष्य वाचनाचार्य उदयाकर गणिने अपने हाथसे लिखी थी।

यह कृति उनकी प्रौढावस्थामें बनी हुई प्रतीत होती है। जैसा कि उनके जीवनचरित्रविषयक उल्लेखोंसे ज्ञात होता है, उन्होंने वि. सं. १३२६ में दीक्षा ली थी; अतः इस ग्रन्थके बनानेके समय उनका दीक्षापर्याय प्रायः ३७ वर्ष जितना हो चुका था। इस दीर्घ दीक्षाकालमें उन्होंने अनेक प्रकारके विधि – विधान स्वयं अनुष्ठित किये होंगे और सैंकडों ही साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविकाओंको कराये होंगे, इसलिये उनका यह ग्रन्थसन्दर्भ, स्वयं अनुभूत एवं शास्त्र और संप्रदायगत विशिष्ट परंपरासे परिज्ञात ऐसे विधानोंका एक प्रमाणभूत प्रणयन है। इसमें उन्होंने जगह जगह पर कई पूर्वाचार्योंके कथनोंको उल्लिखित किया है और प्रसङ्गवश कुछ तो पूरे के पूरे पूर्वरचित प्रकरण ही उद्धृत कर दिये हैं। उदाहरणके लिये – उपधानविधिमें, मानदेवसूरिकृत पूरा 'उवहाणविही' नामक प्रकरण, जिसकी ५४ गाथायें हैं, उद्धृत किया गया है। उपधानप्रतिष्ठा प्रकरणमें, किसी पूर्वाचार्यका बनाया हुआ 'उवहाणपइट्ठापंचासय' नामक प्रकरण अवतारित है, जिसकी ५१ गाथायें हैं। पौषधविधि प्रकरणमें, जिनवल्लभसूरिकृत विस्तृत 'पोसहविहिपयरण'का, १५ गाथाओंमें पूरा सार दे दिया है। नन्दिरचनाविधिमें, ३६ गाथाका 'अरिहाणादिथुत्त' उद्धृत किया है। योगविधिमें, उत्तराध्ययनसूत्रका 'असंखयं' नाम १३ पद्योंवाला ४था अध्ययन उद्धृत कर दिया है। प्रतिष्ठाविधिमें, चन्द्रसूरिकृत ७ प्रतिष्ठा संग्रहकाव्य, तथा कथारत्नकोश नामक ग्रन्थमेंसे ५० गाथावाला 'ध्वजारोपणविधि' नामक प्रकरण उद्धृत किया गया है। और ग्रन्थके अन्तमें जो अंगविद्यासिद्धिविधि नामक प्रकरण है वह सैद्धान्तिक विनयचन्द्रसूरिके उपदेशसे लिखा गया है। इस प्रकार, इस ग्रन्थमें जो विधि-विधान प्रतिपादित किये गये हैं वे पूर्वाचार्योंके संप्रदायानुसार ही लिखे गये हैं, न कि केवल स्वमतिकल्पनानुसार – ऐसा ग्रन्थकारका इसमें स्पष्ट सूचन है। जिनको जैन संप्रदायगत गण – गच्छादिके भेदोपभेदोंके इतिहासका अच्छा ज्ञान है उनको ज्ञात है कि, जैन मतमें जो इतने गच्छ और संप्रदाय उत्पन्न हुए हैं और जिनमें परस्पर बडा तीव्र विरोधभाव व्याप्त हुआ ज्ञात होता है, उसमें मुख्य कारण ऐसे विधि-विधानोंकी प्रक्रियामें मतभेद का होना ही है। केवल सैद्धान्तिक या तात्त्विक मतभेदके कारण वैसा बहुत ही कम हुआ है।

*

ग्रन्थगत विषयोंका संक्षिप्त परिचय।

जैसा कि इसके नामसे ही सूचित होता है – यह ग्रन्थ, साधु और श्रावक जीवनमें कर्तव्य ऐसी नित्य और नैमित्तिक दोनों ही प्रकारकी क्रिया-विधियोंके मार्गमें संचरण करनेवाले मोक्षार्थी जनोंकी जिज्ञासारूप तृष्णाकी तृप्तिके लिये एक सुन्दर 'प्रपा' समान है। इसमें सब मिला कर मुख्य ५१ द्वार यानि प्रकरण हैं। इन द्वारोंके नाम, ग्रन्थके अन्तमें, स्वयं शास्त्रकारने १ से ६ तककी गाथाओंमें सूचित किये हैं। इन मुख्य द्वारोंमें कहीं कहीं कितनेक अवान्तर द्वार भी सम्मिलित हैं जो यथास्थान उल्लिखित किये गये हैं। इन अवान्तर द्वारोंका नामनिर्देश, हमने विषयानुक्रमणिकामें कर दिया है। उदाहरणके तौर पर, २४ वें 'जोगविही' नामक प्रकरणमें, दशवैकालिक आदि सब सूत्रोंकी योगोद्वहन-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रियाका वर्णन करनेवाले भिन्न भिन्न विधान-प्रकरण हैं; और ३४ वें 'आलोयणविही' संज्ञक प्रकरणमें ज्ञानातिचार, दर्शनातिचार आदि आलोचना विषयक अनेक भिन्न भिन्न अन्तर्गत प्रकरण हैं। इसी तरह ३५ वें 'पइट्ठाविही' नामक प्रकरणमें जलानयनविधि, कलशारोपणविधि, ध्वजारोपणविधि – आदि कई एक आनुषंगिक विधियोंके स्वतंत्र प्रकरण सन्निविष्ट हैं।

इन ४१ द्वारों – प्रकरणोंमेंसे प्रथमके १२ द्वारोंका विषय, मुख्य करके श्रावक जीवनके साथ संबंध रखनेवाली क्रिया-विधियोंका विधायक है; १३ वें द्वारसे ले कर २९ वें द्वार तकमें विहित किया-विधियां प्रायः करके साधु जीवनके साथ संबंध रखती हैं और आगेके ३० वें द्वारसे लेकर अन्तके ४१ वें द्वार तकमें वर्णित क्रिया-विधान, साधु और श्रावक दोनोंके जीवनके साथ संबंध रखनेवाली कर्तव्यरूप विधियोंके संग्राहक हैं।

यहां पर संक्षेपमें इन ४१ ही द्वारोंका कुछ परिचय देना उपयुक्त होगा।

१ पहले द्वारमें, सबसे प्रथम, श्रावकको किस तरह सम्यक्त्वव्रत ग्रहण करना चाहिये – इसकी विधि बतलाई गई है। इस सम्यक्त्वव्रतग्रहणके समय श्रावकके लिये जीवनमें किन किन नित्य और नैमित्तिक धर्मकृत्योंका करना आवश्यक हैं और किन किन धर्मप्रतिकूल कृत्योंका निषेध करना उचित है, यह संक्षेपमें अच्छी तरह बतलाया गया है।

२ दूसरे द्वारमें, सम्यक्त्वव्रतका ग्रहण किये बाद, जब श्रावकको देशविरति व्रतके अर्थात् श्रावकधर्मके परिचायक ऐसे १२ व्रतोंके ग्रहण करनेकी इच्छा हो, तब उनका ग्रहण कैसे किया जाय – इसकी क्रिया-विधि बतलाई है। इसका नाम 'परिग्रहपरिमाणविधि' है – क्यौं कि इसमें मुख्य करके श्रावकको अपने परिग्रह यानि स्थावर और जंगम ऐसी संपत्तिकी मर्यादाका विशेषरूपसे नियम लेना आवश्यक होता है और इसीलिये इसका दूसरा प्रधान नाम परिग्रहपरिमाणविधि रखा गया है। इसमें यह भी कहा गया है कि इस प्रकारका परिग्रहपरिमाणव्रत लेनेवाले श्रावक या श्राविकाको अपने नियमकी सूचिवाली एक टिप्पणी (यादी – सूचि) बना लेनी चाहिये और उसमें नियमोंकी सूचिके साथ यह लिखा रहना चाहिये कि यह व्रत मैंने अमुक आचार्यके पास अमुक संवत्के अमुक मास और तिथिके दिन ग्रहण किया है – इत्यादि।

३ तीसरे द्वारमें, इस प्रकार देशविरति यानि श्रावकधर्मव्रत लेनेके बाद श्रावकको कभी छ महिनेका सामायिक व्रत भी लेना चाहिये, यह कहा गया है और इसकी ग्रहणविधि बतलाई गई है।

४ चौथे द्वारमें, सामायिकव्रतके ग्रहण और पारणकी विधि कही गई है। यह विधि प्रायः सबको सुज्ञात ही है।

५ पांचवें द्वारमें, उपधान विषयक क्रियाका विस्तृत वर्णन और विधान है। इसके प्रारंभमें कहा गया है कि – कोई कोई आचार्य इस प्रसंगमें, श्रावककी जो १२ प्रतिमायें शास्त्रोंमें प्रतिपादित की हुई हैं, उनमेंसे प्रथमकी ४ प्रतिमाओंका ग्रहण करना भी विधान करते हैं; परंतु, वह हमारे गुरुओंको सम्मत नहीं है। क्यौं कि शास्त्रकारोंने ऐसा कहा है कि वर्तमान कालमें प्रतिमाग्रहणरूप श्रावकधर्म व्युच्छिन्नप्राय हो गया है, इसलिये इसका विधान करना उचित नहीं है।

६ उक्त उपधान विधिमें, मुख्य रूपसे पंचमंगलका उपधान वर्णित किया गया है, इसलिये ६ ठे द्वारमें उसकी सामाचारी बतलाई गई है।

७ उपधान तपकी समाप्तिके उद्यापनरूपमें मालारोपणकी क्रिया होनी चाहिये, इसलिये ७ वें द्वारमें, विस्तारके साथ मालारोपणकी विधि बतलाई गई है। इस विधिमें मानदेवसूरिरचित ५४ गाथाका 'उवहाणविही' नामका पूरा प्राकृत प्रकरण, जो महानिशीथ नामक आगमभूत सिद्धान्तके आधार परसे रचा गया है, उद्धृत किया गया है।

८ इस महानिशीथ सिद्धान्तकी प्रामाणिकताके विषयमें प्राचीन कालसे कुछ आचार्योंका विशिष्ट मतभेद चला आ रहा है, और वे इस उपधानविधिको अनागमिक कहा करते हैं, इसलिये ८ वें द्वारमें, इस विधिके समर्थनरूप 'उवहाणपइट्ठापंचासय' (उपधानप्रतिष्ठापंचाशक) नामका ५१ गाथाका एक संपूर्ण प्रकरण, जो किसी पूर्वाचार्यका बनाया हुआ है, उद्धृत कर दिया है। इस प्रकरणमें महानिशीथ सूत्रकी प्रामाणिकताका यथेष्ट प्रतिपादन किया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९ वें द्वारमें, श्रावकको पर्वादिके दिन पौषध व्रत लेना चाहिये, इसका विधान है और इस व्रतके ग्रहण-पारणकी विधि बतलाई गई है। इसके अन्तकी गाथामें कहा है कि श्रीजिनवल्लभसूरिने जो पौषधविधि-प्रकरण बनाया है उसीके आधार पर यहांपर यह विधि लिखी गई है। जिनको विशेष कुछ जाननेकी इच्छा हो वे उक्त प्रकरण देखें।

१० वें प्रकरणमें, प्रतिक्रमणसामाचारीका वर्णन दिया गया है, जिसमें दैवसिक, रात्रिक और पाक्षिक (इसीमें चातुर्मासिक और सांवत्सरिक भी सम्मिलित है) इन तीनों प्रतिक्रमणोंकी विधियोंका यथाक्रम वर्णन ग्रथित है।

११ वें द्वारमें, तपोविधिका विधान है। इसमें कल्याणक तप, सर्वांगसुन्दर तप, परमभूषण, आयतिजनक, सौभाग्यकल्पवृक्ष, इन्द्रियजय, कषायमथन, योगशुद्धि, अष्टकर्मसूदन, रोहिणी, अंबा, ज्ञानपंचमी, नन्दीश्वर, सत्यसुखसंपत्ति, पुण्डरीक, मातृ, समवसरण, अक्षयनिधि, वर्द्धमान, दवदन्ती, चन्द्रायण, भद्र, महाभद्र, भद्रोत्तर, सर्वतोभद्र, एकादशांग–द्वादशांग आराधन, अष्टापद, वीशस्थानक, सांवत्सरिक, अष्टमासिक, षण्मासिक–इत्यादि अनेक प्रकारके तपोंकी विधिका विस्तृत वर्णन दिया गया है। इसके अन्तमें कहा गया है कि इन तपोंके अतिरिक्त कई लोक, माणिक्यप्रस्तारिका, मुकुटसप्तमी, अमृताष्टमी, अविधवादशमी, गोयमपडिगह, मोक्षदण्डक, अदुक्ख-दिक्खिया, अखण्डदशमी–इत्यादि नामके तपोंका भी आचरण करते दिखाई देते हैं; परंतु वे तप आगमविहित न होनेसे हमने उनका यहांपर वर्णन नहीं दिया है। इसी तरह एकावली, कनकावली, रत्नावली, मुक्तावली, गुणरत्न-संवत्सर, खुड्डमहल्ल सिंहनिक्रीलित आदि जो तप हैं उनका आचरण करना, अभी इस कालमें, दुष्कर होनेसे उनका भी कोई वर्णन नहीं किया गया है।

१२ तप आदिकी उक्त सब क्रियायें नन्दीरचनापूर्वक की जातीं हैं, इसलिये १२ वें द्वारमें, बहुत विस्तारके साथ नन्दीरचनाविधि वर्णित की गई है। इसमें अनेक स्तुति स्तोत्र आदि भी दिये गये हैं।

१३ वें द्वारमें, प्रव्रज्याविधि अर्थात् साधुधर्मकी दीक्षाविधिका विशिष्ट विधान बताया गया है।

१४ प्रव्रज्या लिये बाद साधुको यथासमय लोच (केशोत्पाटन) करना चाहिये, इसलिये १४ वें द्वारमें, लोचकरणकी विधि बतलाई गई है।

१५ प्रव्रजितको 'उपयोगविधि' पूर्वक ही शास्त्रोंमें भक्त-पानका ग्रहण करना विहित है, इसलिये १५ वें द्वारमें यह 'उपयोगविधि' बतलाई गई है।

१६ इस तरह उपयोगविधि करनेके बाद, नवदीक्षित साधुको, सबसे प्रथम भिक्षा ग्रहण करनेके लिये जाना हो, तब कैसे और किस शुभ दिनको जाना चाहिये इसकी विधिके लिये, १६ वें द्वारमें, 'आदिम-अटन-विधि'का वर्णन दिया गया है।

१७–१८ नवदीक्षित साधुको आवश्यक तप और दशवैकालिक तप करा कर फिर उसे उपस्थापना (बडी दीक्षा) दी जाती है, और उसे मण्डलीमें स्थान दिया जाता है, इसलिये, इसके बादके दो प्रकरणोंमें, इस मंडली तप और उपस्थापना विधिका विधान बतलाया गया है।

१९ उपस्थापना होनेके बाद, साधुको सूत्रोंका अध्ययन करना चाहिये; और यह सूत्राध्ययन विना योगोद्वहनके नहीं किया जाता, इसलिये १९ वें द्वारमें, योगोद्वहन विधिका सविस्तर वर्णन दिया गया है। यह योगविधि द्वार बहुत बडा है। इसमें पहले स्वाध्याय करनेकी विधि बतलाई गई है; और यह स्वाध्याय कालग्रहणपूर्वक करना विहित है, अतः उसके साथ कालग्रहण करनेकी विधि भी कही गई है। इसके बाद, आवश्यकादि प्रत्येक सूत्रका पृथक् पृथक् तपोविधान बतलाया गया है। इस विधानमें प्रायः सब ही सूत्रोंका संक्षेपमें अध्ययनादिका निर्देश कर दिया गया है। इसके अन्तमें, इस समग्र योगविधिका सूत्ररूपसे विवेचन करनेवाला ६८ गाथाका पूरा 'जोगविहाण' नामका प्रकरण दिया गया है, जो शायद ग्रन्थकारकी निजकी ही एक स्वतंत्र रचना है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२० यह योगोद्वहन 'कप्पतिप्प' सामाचारीकी क्रियापूर्वक किया जाता है, इसलिये २० वें द्वारमें, यह 'कप्पतिप्प' सामाचारी बतलाई गई है।

२१ इस प्रकार कप्पतिप्पविधिपूर्वक योगोद्वहन किये बाद, साधुको मूल ग्रन्थ, नन्दी, अनुयोगद्वार, उत्तराध्ययन, ऋषिभाषित, अंग, उपांग, प्रकीर्णक और छेद ग्रन्थ आदि आगम शास्त्रोंकी वाचना करनी चाहिये, इसलिये २१ वें द्वारमें, इस आगमवाचनाकी विधि बतलाई गई है।

२२-२६ इस तरह आगमादिका पूर्ण ज्ञाता हो कर शिष्य जब यथायोग्य गुणवान् बन जाता है, तो उसे फिर वाचनाचार्य, उपाध्याय एवं आचार्य आदिकी योग्य पदवी प्रदान करनी चाहिये, और साध्वीको प्रवर्तिनी अथवा महत्तराकी पदवी देनी चाहिये। इसलिये अनन्तरके द्वारोंमेंसे क्रमशः – २२वें द्वारमें वाचनाचार्य, २३ वेंमें उपाध्याय, २४ वेंमें आचार्य, २५ वेंमें महत्तरा और २६ वेंमें प्रवर्तिनी पदके देनेकी क्रियाविधि बतलाई गई है। इस विधिके प्रारंभमें यह भी स्पष्ट रूपसे कह दिया गया है कि किस योग्यतावाले साधुको वाचनाचार्य अथवा उपाध्याय एवं आचार्य आदिका पद देना उचित है। वाचनाचार्य अथवा उपाध्याय उसीको बनाना चाहिये, जो समग्र सूत्रार्थके ग्रहण, धारण और व्याख्यान करनेमें समर्थ हो; सूत्रवाचनामें जो पूरा परिश्रमी हो; प्रशान्त हो और आचार्य स्थानके योग्य हो। इस पदके धारकको, एक मात्र आचार्यके सिवाय अन्य सब साधु साध्वी – चाहे वे दीक्षापर्यायमें छोटे हों या बडे – वन्दन करें।

इस आचार्य पदके योग्य व्यक्तिका विधान करते हुए कहा है कि – जो साधु आचार, श्रुत, शरीर, वचन, वाचना, मतिप्रयोग, मतिसंग्रह और परिज्ञा रूप इन आठ गणिपदसे युक्त हो; देश, कुल, जाति और रूप आदि गुणोंसें अलंकृत हो; बारह वर्षतक जिसने सूत्रोंका अध्ययन किया हो; बारह वर्षतक जिसने शास्त्रोंके अर्थका सार प्राप्त किया हो और बारह वर्षतक अपनी शक्तिकी परीक्षाके निमित्त जिसने देशपर्यटन किया हो – वह आचार्य बनने योग्य है और ऐसे योग्य व्यक्तिको आचार्यपद देना चाहिये। नन्दीरचना आदि विहित क्रियाविधिके साथ, निर्णीत लग्नमें, मूलाचार्य इस नव्य आचार्यको सूरिमन्त्र प्रदान करें। यह सूरिमन्त्र मूलमें भगवान् महावीर स्वामीने २१०० अक्षरप्रमाण ऐसा गौतमस्वामीको दिया था और उन्होंने उसे ३२ श्लोकके परिमाणमें गुम्फित किया था। इसका कालक्रमके प्रभावसे ह्रास हो रहा है और अन्तिम आचार्य दुःप्रसहके समयमें यह २॥ श्लोक परिमित रह जायगा। यह गुरुमुखसे ही पढा जाता है – पुस्तकमें नहीं लिखा जाता। ग्रन्थकार कहते हैं कि इस सूरिमन्त्रकी साधनाविधि देखना हो उसे हमारा बनाया हुआ 'सूरिमन्त्रकल्प' नामक प्रकरण देखना चाहिये।

यह आचार्यपद-प्रदानविधि बडा भावपूर्ण है। इसमें कहा गया है, कि जब इस प्रकार शिष्यको आचार्य पद देनेकी विधि समाप्तपर होती है तब खुद मूल आचार्य अपने आसन परसे उठ कर शिष्यकी जगह बैठें और शिष्य – नवीन पद धारक आचार्य – अपने गुरुके आसन पर जा कर बैठे। फिर गुरु अपने शिष्य – आचार्यको, द्वादशावर्तविधिसे वन्दन करें – यह बतलानेके लिये कि तुम भी मेरे ही समान आचार्यपदके धारक हो गये हो और इसलिये अन्य सभीके साथ मेरे भी तुम वन्दनीय हो। ऐसा कह कर गुरु उससे कहे कि, कुछ व्याख्यान करो – जिसके उत्तरमें नवीन आचार्य परिषद्के योग्य कुछ व्याख्यान करे और उसकी समाप्तिमें फिर सब साधु उसे वन्दन करें। फिर वह शिष्य उस गुरुके आसन परसे उठ कर अपने आसन पर जा कर बैठे, और गुरु अपने मूल आसन पर। बादमें गुरु, नवीन आचार्यको शिक्षारूप कुछ उपदेशवचन सुनावे जिसको 'अनुशिष्टि' कहते हैं। इस अनुशिष्टिमें, गुरु नवीन आचार्यको किन किन बातोंकी शिक्षा देता है, इसका प्रतिपादन करनेके लिये जिनप्रभ सूरिने ५५ गाथाका एक स्वतंत्र प्रकरण दिया है जो बहुत ही भाववाही और सारगर्भित है। आचार्यको अपने समुदायके साथ कैसा व्यवहार रखना चाहिये और किस तरह गच्छकी प्रतिपालना करनी चाहिये – इसका बडा मार्मिक उपदेश इसमें दिया गया है। आचार्यको अपने चारित्रमें सदैव सावधान रहना चाहिये और अपने अनुवर्त्तियोंकी चारित्ररक्षाका भी पूरा खयाल रखना चाहिये। सब को समदृष्टिसे देखना चाहिये। किसी पर किसी प्रकारका पक्षपात न करना चाहिये। अपने और दूसरेके पक्षमें किसी प्रकारका विरोधभाव पैदा करे वैसा वचन कभी न बोलना चाहिये। असमाधिकारक कोई व्यवहार नहीं करना चाहिये। स्वयं कषायोंसे मुक्त होनेके लिये सतत प्रयत्नवान् रहना चाहिये – इत्यादि प्रकारके बहुत ही सुन्दर उपदेश-वचन कहे गये हैं जो वर्त्तमानके नामधारी आचार्योंके मनन करने योग्य हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसी तरहका सुन्दर शिक्षावचनपूर्ण उपदेश महत्तरा और प्रवर्तिनी पद प्राप्त करनेवाली साध्वीके लिये भी कहा गया है। प्रवर्तिनीको अनुशिष्टि देते हुए आचार्य कहते हैं कि – तुमने जो यह महत्तर पद ग्रहण किया है इसकी सार्थकता तभी होगी जब तुम अपनी शिष्याओंको और अनुगामिनी साध्वियोंको ज्ञानादि सद्गुणोंमें प्रवर्तन करा कर, उनके कल्याण पथकी मार्गदर्शिका बनोगी। तुम्हें न केवल उन्हीं साध्वियोंके हितकी प्रवृत्ति करनेमें प्रवर्तित होना चाहिये जो विदुषियां हैं, जिनका बडा खानदान है, जिनका बहुत बडा स्वजनवर्ग है, एवं जो सेठ, साहुकार आदि धनिकोंकी पुत्रियां हैं; पर तुम्हें उन साध्वियोंकी हित-प्रवृत्तिमें भी वैसे ही प्रवर्तित होना कर्तव्य है जो दीन और दुःस्थित दशामें हों, जो अज्ञान हों, शक्तिहीन हों, शरीरसे विकल हों, निःसहाय हों, बन्धुवर्गरहित हों, वृद्धावस्थासे जर्जरित हों और दुरवस्थामें पड जानेके कारण भ्रष्ट और पतित भी हों। इन सबकी तुम्हें गुरुकी तरह, अंगप्रतिचारिकाकी तरह, धायकी तरह, प्रियसखीकी तरह, भगिनी–जननी–मातामही एवं पितामही आदिकी तरह, वत्सलभाव हो कर प्रतिपालना करनी होगी।

२७ इसके बाद, २७ वें द्वारमें, गणानुज्ञाविधि बतलाई गई है। गणानुज्ञाका अर्थ है गणको अर्थात् समुदायको अनुज्ञा यानि निजकी आज्ञामें प्रवर्तन करानेका संपूर्ण अधिकार प्राप्त करना। यह अधिकार, मुख्याचार्यके कालप्राप्त होने पर अथवा अन्य किसी तरह असमर्थ हो जाने पर प्राप्त किया जाता है। इस विधिमें भी प्रायः वैसा ही भाव और उपदेशादि गर्भित है। इस गणानुज्ञापदकी प्राप्ति होने पर, फीर वही नवीन आचार्य गच्छका संपूर्ण अधिनायक बनता है और उसीकी आज्ञामें सारे संघको विचरण करना पडता है।

२८ इसके बादके २८ वें द्वारमें, वृद्ध होने पर और जीवितका अन्त समीप दिखाई देने पर, साधुको पर्यन्ताराधना कैसे करनी चाहिये और अन्तमें कैसे अनशन व्रत लेना चाहिये, इसका विधान बतलाया गया है। इसी विधिके अन्तमें, श्रावकको भी यह अन्तिम आराधना करनी बतलाई गई है।

२९ इस प्रकारकी अन्तिम आराधनाके बाद, जब साधु कालधर्म प्राप्त हो जाय तब फिर उसके शरीरका अन्तिम संस्कार कैसे किया जाय, इसकी विधिका वर्णन २९ वें **महापारिट्ठावणिया** नामक प्रकरणमें दिया गया है।

३० तदनन्तर, ३० वें द्वारमें, साधु और श्रावक दोनोंके व्रतोंमें लगनेवाले प्रायश्चित्तोंका बहुत विस्तृत वर्णन दिया गया है। इस प्रायश्चित्तविधानमें एक तरहसे प्रायः यति और श्राद्ध दोनों प्रकारके जीतकल्प ग्रन्थोंका पूरा सार आ गया है। इसमें श्रावकके सम्यक्त्व-मूल १२ व्रतोंका प्रायश्चित्त-विधान पूर्ण रूपसे दिया गया है और इसी तरह साधुके मूल गुण और उत्तर गुण आदि आचारोंमें लगनेवाले छोटे बडे सभी प्रायश्चित्तोंका यथेष्ट वर्णन किया गया है। साधुके भिक्षाविषयक दोषोंका विधान करनेवाला 'पिंडालोयणविहाण' नामक ७३ गाथाका एक बडा स्वतंत्र प्रकरण भी, नया बना कर, ग्रन्थकारने इसमें सन्निविष्ट कर दिया है; और इसी तरह एक दूसरा ६४ गाथाका 'आलोयणविही' नामका भी स्वतंत्र प्रकरण इस द्वारके अन्तभागमें ग्रथित किया है।

३१–३६ इसके बाद **'प्रतिष्ठाविधि'** नामक बडा प्रकरण आता है जिसमें जिनबिम्बप्रतिष्ठा, कलशप्रतिष्ठा, ध्वजारोप, कूर्मप्रतिष्ठा, यन्त्रप्रतिष्ठा और स्थापनाचार्यप्रतिष्ठा – इस प्रकार ३१ से ले कर ३६ तकके ६ द्वारोंका समावेश होता है। इसीके अन्तर्गत अधिवासना अधिकार, नन्द्यावर्तस्थापना, जलानयनविधि – आदि भी प्रसंगोचित कई विधि-विधानोंका समावेश किया गया है। इसमें प्रतिष्ठोपयोगी सामग्रीका भी प्रमाणभूत निर्देश है और मन्त्र तथा स्तुति आदि वचनोंका भी उत्तम संग्रह है। प्रतिष्ठाविधिके लिये यह प्रकरण बहुत ही आधारभूत और सुविहित समझा जाने योग्य है।

३७ प्रतिष्ठा और अन्य बहुतसी क्रियाओंमें 'मुद्राकरण आवश्यक' होता है, इसलिये ३७ वें द्वारमें, भिन्न भिन्न प्रकारकी मुद्राओंका वर्णन लिखा गया है।

३८ नन्दीरचना और प्रतिष्ठाविषयक क्रियाओंमें ६४ योगिनियोंके यन्त्रादिका आलेखन किया जाता है, इसलिये ३८ वें द्वारमें, इन योगिनियोंके नाम बतलाये गये हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३९ वें द्वारमें, 'तीर्थयात्रा' करने वालेको किस तरह यात्राविधि करना चाहिये और जो यात्रानिमित्त संघ नीकालना चाहे उसे किस विधिसे प्रस्थानादि कृत्य करने चाहिये – इस विषयका उपयुक्त विधान किया गया है। इसमें संघ नीकालने वालेको किस किस प्रकारकी सामग्रीका संग्रह करना चाहिये और यात्रार्थियोंको किस किस प्रकारकी सहायता पहुंचाना चाहिये – इत्यादि बातोंका भी संक्षेपमें पर सारभूत रूपमें ज्ञातव्य उल्लेख किया गया है।

४० वें द्वारमें, पर्वादि तिथियोंका पालन किस नियमसे करना चाहिये, इसका विधान, ग्रन्थकारने अपनी सामाचारीके अनुसार, प्रतिपादित किया है। इस तिथिव्यवहारके विषयमें, जुदा जुदा गच्छके अनुयायियोंकी जुदी जुदी मान्यता है। कोई उदय तिथिको प्रमाण मानता है, तो कोई बहुभुक्त तिथिको ग्राह्य कहता है। पाक्षिक, चातुर्मासिक और सांवत्सरिक पर्वके पालनके विषयमें भी इसी तरहका गच्छवासियोंका पारस्परिक बडा मतभेद है। इस मतभेदको ले कर प्राचीन कालसे जैन संप्रदायोंमें परस्पर कितनाक विरोधभावपूर्ण व्यवहार चला आता दिखाई देता है। श्रीजिनप्रभ सूरिने अपने इस ग्रन्थमें, उसी सामाचारीका प्रतिपादन किया है जो खरतर गच्छमें सामान्यतया मान्य है।

४१ वें द्वारमें, अंगविद्यासिद्धिकी विधि कही गई है। यह 'अंगविद्या' नामक एक शास्त्र है जो आगममें नहीं गिना जाता, पर इसका स्थान आगमके जितना ही प्रधान माना जाता है। इसलिये इसकी साधनाविधि यहांपर स्वतंत्र रूपसे बतलाई गई है। यह विधि ग्रन्थकारने, सैद्धान्तिक विनयचन्द्रसूरिके उपदेशसे ग्रथित की है, ऐसा इसके अंतिम उल्लेखमें कहा है।

इस प्रकार, विधिप्रपामें प्रतिपादित मुख्य ४१ द्वारोंका, यह संक्षिप्त विषयनिर्देश है। इस निर्देशके वाचनसे, जिज्ञासु जनोंको कुछ कल्पना आ सकेगी कि यह ग्रन्थ कितने महत्त्वका और अलभ्य सामग्रीपूर्ण है। इस प्रकारके अन्य अन्य आचार्योंके बनाये हुए और भी कितनेक विधि-विधानके ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं, पर वे इस ग्रन्थके जैसे क्रमबद्ध और विशद रूपसे बनाये हुए नहीं ज्ञात होते। इस प्रकारके ग्रन्थोंमें यह 'शिरोमणि' जैसा है ऐसा कहनेमें कोई अत्युक्ति नहीं होती।

*

ग्रन्थकार जिनप्रभ सूरि कैसे बडे भारी विद्वान् और अपने समयमें एक अद्वितीय प्रभावशाली पुरुष हो गये हैं इसका पूरा परिचय तो इसके साथ दिये हुए उनके जीवनचरित्रके पढनेसे होगा, जो हमारे स्नेहास्पद धर्मबन्धु बीकानेरनिवासी इतिहासप्रेमी श्रीयुत अगरचन्दजी और भंवरलालजी नाहटाका लिखा हुआ है। इसलिये इस विषयमें और कुछ अधिक लिखनेकी आवश्यकता नहीं है।

*

संपादनमें उपयुक्त प्रतियोंका परिचय।

इस ग्रन्थका संपादन करनेमें हमें तीन हस्तलिखित प्रतियां प्राप्त हुई थीं – जिनमें मुख्य प्रति पूनाके भाण्डारकर प्राच्यविद्यासंशोधन मन्दिरमें संरक्षित राजकीय ग्रन्थसंग्रहकी थी। यह प्रति बहुत प्राचीन और शुद्धप्राय है। इसके अन्तमें लिखनेवालेका नामनिर्देश और संवतादि नहीं दिया गया, इसलिये यह ठीक ठीक तो नहीं कहा जा सकता कि यह कबकी लिखी हुई है; पर पत्रादिकी स्थिति देखते हुए प्रायः संवत् १५०० के आसपासकी यह लिखी हुई होगी ऐसा संभवित अनुमान किया जा सकता है। इस प्रतिका पीछेसे किसी तज्ज्ञ विद्वान् यतिजनने खूब अच्छी तरह संशोधन भी किया है और इसलिये यह प्रति शुद्धप्रायः है, ऐसा कहना चाहिये।

दूसरी प्रति श्रीमान् उपाध्यायवर्य श्रीसुखसागरजी महाराजके निजी संग्रहकी मिली थी। पर यह नई ही लिखी हुई है और शुद्धिकी दृष्टिसे कुछ विशेष उल्लेखयोग्य नहीं है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तीसरी प्रति बीकानेरके भंडारकी थी जो श्रीयुत अगरचंदजी नाहटा द्वारा प्राप्त हुई थी। यह प्रति भी नई ही लिखी हुई है पर कुछ शुद्ध है* । इसके अन्त भागमें, जिनप्रभसूरिकृत 'देवपूजाविधि' नामक स्वतंत्र प्रकरण लिखा हुआ मिला, जिसे उपयोगी समझ कर हमने इस ग्रन्थके परिशिष्टके रूपमें मुद्रित कर दिया है। असलमें यह पूजाविधि भी इसी ग्रन्थका एक अवान्तर प्रकरण होना चाहिये। परंतु न मालूम क्यौं ग्रन्थकारने इसको इस ग्रन्थमें सन्निविष्ट न कर जुदा ही प्रकरण रूपसे ग्रथित किया है। संभव है कि यह देवपूजाविधि प्रत्येक गृहस्थ जैनके लिये अवश्य और नित्य कर्तव्य होनेसे इसकी रचना स्वतंत्र रूपसे करना आवश्यक प्रतीत हुआ हो, ता कि सब कोई इसका अध्ययन और लेखन आदि सुलभताके साथ कर सके। इस देवपूजाविधिमें गृहप्रतिमापूजाविधि, चैत्यवन्दनविधि, स्नपनविधि, छत्रभ्रमणविधि, पञ्चामृतस्नात्रविधि और शान्तिपर्वविधि आदि और भी आनुषङ्गिक कई विधियोंका समावेश कर इस विषयको संपूर्णतया प्रतिपादित किया गया है।

*

उक्त प्रकारसे, प्रस्तुत ग्रन्थके संपादनकी प्रेरणा कर, उपाध्याय श्रीसुखसागरजी महाराजने इस प्रकार क्रिया-विधिके अमूल्य निधिरूप प्रस्तुत ग्रन्थराजके विशिष्ट स्वाध्यायका जो प्रशस्त प्रसंग हमारे लिये उपस्थित किया, तदर्थ हम, अन्तमें, आपके प्रति अपना कृतज्ञभाव प्रदर्शित कर; और जो कोई जिज्ञासु जन, इस ग्रन्थके पठन-पाठनसे अपनी ज्ञानवृद्धि करके विधिमार्गके प्रवासमें प्रगतिगामी बनेंगे, तो हम अपना यह परिश्रम सफल समझेंगे-ऐसी आशा प्रकट कर, इस प्रस्तावनाकी यहांपर पूर्णता की जाती है। इत्यलम्।

फाल्गुन पूर्णिमा
विक्रम संवत् १९९७
बंबई

जिनविजय

* यह प्रति बीकानेरके श्रीपूज्यजीके भंडारकी है और इसके अन्तमें लिपिकर्ताने अपना समय और नामादि बतलानेवाली इस प्रकारकी पुष्पिका लिखी है-

"संवत् १८९२ वर्षे मिती ज्येष्ठ शुक्ल ५ तिथ्यां कुमुदवारे श्रीहमीरगढ नयरे चतुर्मासी स्थिता पं० ब्धिविलास लिखितं। श्रीमद्वृहत् खरतर गच्छे श्रीकीर्तिरत्नसूरि संतानीया। श्रीफलवर्द्धीनयरे लिखितं॥"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



श्रीमज्जिनप्रभसूरिमूर्तिप्रतिकृति

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महाधर सेठने आचार्यश्रीकी आज्ञाको सहर्ष स्वीकार की और अच्छे मुहूर्त्तमें सुभटपालको समारोह पूर्वक सं० १३२६ (?) में दीक्षा दिलाई। आचार्यश्रीने नवदीक्षित मुनिको खूब तत्परतासे शास्त्रोंका अध्ययन कराया एवं साम्नाय पद्मावती मंत्र समर्पित किया–जिससे थोडे समयमें मुनिवर्य प्रतिभाशाली गीतार्थ हो गये। सं० १३४१ में किढिवाणा नगरमें श्रीजिनसिंह सूरिजीने उन्हें सर्वथा योग्य जान कर अपने पट्टपर स्थापित कर **श्रीजिनप्रभसूरि** नामसे प्रसिद्ध किया। इसके कुछ समय पश्चात् श्रीजिनसिंह सूरिजी स्वर्गवासी हुए।

श्रीजिनप्रभ सूरिजीके पुण्यप्रभाव और गुरुकृपासे पद्मावती देवी प्रत्यक्ष हुई। एक बार इन्होंने देवीसे पूछा कि–'हमारी किस नगरमें उन्नति होगी?' पद्मावतीने कहा–'आप योगिनी-पीठ दिल्लीकी ओर विहार कीजिये। उधर आपको पूर्ण सफलता मिलेगी'। सूरिजी देवीके सङ्केतानुसार दिल्ली प्रान्तमें विचरने लगे[1]।

ग्रन्थ रचना–

सं० १३५२ में योगिनीपुर (दिल्ली) में माथुरवंशीय ठक्कुर खेतल कायस्थकी अभ्यर्थनासे 'कातन्त्र विभ्रम' पर २६१ श्लोक प्रमाणकी वृत्ति बनाई। सूरिजी के उपलब्ध ग्रन्थोंमें यह सर्वप्रथम कृति है।

सं० १३५६ में श्रेणिकचरित्र–द्व्याश्रय काव्यकी रचना की।

सं० १३६३ का चातुर्मास अयोध्यामें किया। वहां साधु और श्रावकोंके आचारोंका विशदसंग्रह रूप इसी **विधिप्रपा ग्रन्थ**को विजयादशमीके दिन रच कर पूर्ण किया। सं० १३६४ में वैभारगिरिकी यात्रा करके वैभारगिरिकल्प निर्माण किया और कल्पसूत्र पर 'सन्देह विषौषधि' नामक वृत्ति बनाई।

सं० १३६५ के पौषमें अयोध्यामें (१) अजितशान्तिकी बोधदीपिका वृत्ति, (२) पौष कृष्णा ९ को उपसर्गहरकी अर्थकल्पलता वृत्ति, (३) पोष सुदि ९ के दिन भयहर स्तोत्रकी अभिप्रायचन्द्रिका वृत्ति बनाई। इन कुछ वर्षोंमें सूरिजीने पूर्व देशके प्रायः समस्त तीर्थोंकी यात्रा कर, कई कल्प, स्तोत्र इत्यादि रचे।

संवत् १३६९ में मारवाड देशकी ओर विचरते हुए फलौधी तीर्थकी यात्रा कर वहांका स्तोत्र बनाया। कहा जाता है कि सूरिमहाराज प्रतिदिन एकाध नवीन स्तोत्रकी रचना करनेके पश्चात् आहार ग्रहण करते थे। इसके फल स्वरूप आपने ७०० स्तोत्र[2] जितने विशाल स्तोत्र-साहित्यकी रचना कर जैन मुनियोंके सामने एक उत्तम आदर्श उपस्थित किया। आपके निर्माण किये हुए स्तात्रोंकी सूची पीछे दी गई है।

इस विशाल स्तोत्र-साहित्यमेंसे अब केवल ७५ के लगभग ही उपलब्ध हैं। इनमें कई यमकमय, चित्रकाव्य, आदि अनेक वैशिष्ट्यको लिये हुए हैं, जिससे सूरिजीके असाधारण पाण्डित्यका परिचय मिलता है।

सूरिजीने संस्कृत, प्राकृत और देश्य भाषामें इस प्रकार सेंकडों ही स्तोत्रोंकी रचना की, और उसके साथ फारशी भाषामें भी उन्होंने कई स्तोत्र बनाये जो जैन साहित्यमें एकदम नवीन और अपूर्व वस्तु है।

---

१ यहां तकका यह वृत्तान्त 'प्राकृत प्रबन्धावली' अन्तर्गत श्रीजिनप्रभसूरि प्रबन्धसे लिखा गया है।

२ उपदेशसप्तति (सं० १५०३ सोमधर्मगणिकृत) एवं सिद्धान्तस्तवावचूरि। अवचूरिकारने इन स्तोत्रोंको, तपागच्छीय सोमतिलकसूरिको, श्रीजिनप्रभसूरिने पद्मावतीके सङ्केतसे तपागच्छका भावी उदय ज्ञात कर, भेंट करना लिखा है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शायद ये ही सबसे पहले जैनाचार्य थे जिन्होंने यावनी भाषाका अध्ययन किया और उसमें स्तोत्र जैसी कृतियां भी कीं। दिल्लीमें अधिक रहने और मुसलमान बादशाहोंके दरबारमें आने-जानेके विशेष प्रसंगोंके कारण इनको उस भाषाके अध्ययनकी परम आवश्यकता मालूम दी होगी। शायद बादशाहको, जैन देवकी स्तुति कैसे की जाती है इसका परिचय करानेके निमित्त ही इन्होंने उस भाषामें इन स्तोत्रोंकी रचना की हो।

सं० १३७६ में दिल्लीके सा० देवराजने शत्रुंजय, गिरनार आदि तीर्थोंका संघ निकाला। उस संघमें सूरिजी भी साथ थे। मिती ज्येष्ठ कृष्ण १ को शत्रुंजय तीर्थकी यात्रा की और मिती ज्येष्ठ शुक्ल ५ को श्री गिरनार तीर्थकी यात्रा की। देवराजके संघ एवं इन तीर्थद्वयकी यात्राका उल्लेख सूरजीने स्वयं अपने तीर्थयात्रा स्तवन एवं त्रोटकमें किया है।

सं० १३८० में पादलिप्तसूरि कृत वीरस्तोत्रकी वृत्ति और सं० १३८१ में राजादिरुचादिगणवृत्ति, साधुप्रतिक्रमण-वृत्ति, सूरिमंत्राम्नाय आदि ग्रन्थोंकी रचना की।

सं० १३८२ के वैशाख शुद्ध १० को श्रीफलवर्द्धि तीर्थकी यात्रा कर स्तोत्र बनाया।

सुलतान कुतुबुद्दीन मिलन–

हमारी ओरसे प्रकाशित ऐतिहासिक जैन काव्यसंग्रहके 'जिनप्रभसूरि गीत' में लिखा है कि सूरिजीने सुलतान कुतुबुद्दीनको रञ्जित किया था। अठाही, आठम, चौथको सम्राट् कुतुबुद्दीन उन्हें अपनी सभामें बुलाता था और एकान्तमें बैठ कर उनसे अपना संशय निवारण किया करता था। सुप्रसन्न हो कर सुलतानने गांव, हाथी आदि सूरिजीको लेनेके लिये कहा पर निस्पृह गुरुजीने उनमेंसे कुछ भी ग्रहण नहीं किया।

सं० १३९३ में रचित 'नाभिनन्दनोद्धार प्रबन्ध'[1] में लिखा है कि–शत्रुञ्जयोद्धारक समरसिंहने शाही फरमान ले कर संघ और श्रीजिनप्रभ सूरिजीके साथ मथुरा और हस्तिनापुरकी यात्रा की थी।

महमद तुगलक प्रतिबोध[2]।

बादशाहका आमन्त्रण–

सूरिजीके अद्भुत पाण्डित्यकी ख्याति सर्वत्र फैल चुकी थी। एक बार सं० १३८५ में जब आप दिल्लीके शाहपुरामें विराजमान थे तब दिल्लीपति सम्राट् महमद तुगलकने अपनी सभामें विद्वद्गोष्ठी

---

१ यह ग्रन्थ गुजराती अनुवाद सहित अहमदाबादसे छप चुका है।

२ डॉ. ईश्वरीप्रसादके भारतवर्षके इतिहास (पृ० २२३–३२) में सुलतान महमद तुगलकके संबन्धमें अच्छा प्रकाश डाला गया है। उस ग्रन्थसे कुछ आवश्यक अंश नीचे दिया जाता है, इससे उसके स्वभाव चरित्रादिके विषयमें पाठकोंको अच्छी जाकानरी हो सकेगी। "**महम्मद तुगलक**–(सन् १३२५–१३५१ ई.)–अपने पिता गयासुद्दीनकी मृत्युके बाद शाहजादा जूना महम्मद तुगलकके नामसे दिल्लीकी गद्दी पर बैठा। दिल्लीके सुलतानोंमें वह सबसे अधिक विद्वान और योग्य पुरुष था। उसकी स्मरण शक्ति और बुद्धि अलौकिक थी और मस्तिष्क बड़ा परिष्कृत था। अपने समयकी कला तथा विज्ञानका वह ज्ञाता था, और बड़ी आसानी तथा खूबीके साथ फारसी भाषा बोल और लिख सकता था। उसकी मौलिकता, वक्तृत्व और विद्वत्ता देख कर लोग दंग रह जाते थे और उसे सृष्टिकी एक अद्भुत चीज समझते थे। तर्कशास्त्रका वह बड़ा पंडित था और उस विषयके प्रकाण्ड विद्वान भी उससे शास्त्रार्थ करनेका साहस नहीं करते थे।

वह अपने धर्मका पाबन्द था परंतु विधर्मियों पर अत्याचार नहीं करता था। वह मुल्लाओं और मौलवियोंकी रायकी परवाह नहीं करता था और प्राचीन सिद्धान्तों और परिपाटियोंको आंख बंध कर नहीं मानता था। उसने हिन्दुओंके साथ धार्मिक अत्याचार नहीं किया; और सती प्रथाको रोकनेका प्रयत्न किया। वह न्याय करनेमें किसीकी रियायत नहीं करता था और छोटे बड़े सबके साथ एकसा बर्त्ताव करता था। विदेशियोंके प्रति वह बड़ा औदार्य्य दिखलाता था ..... उसमें ठीक निश्चय तक पहुंचनेकी शक्तिकी कमी थी। उसे क्रोध जल्दी आता था और जरासी देरमें वह आपेसे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करते हुए पण्डितोंसे पूछा कि–'इस समय सर्वोत्तम विद्वान कौन है ?' इसके उत्तरमें ज्योतिषी धाराधरने श्रीजिनप्रभ सूरिजीके गुणोंकी प्रशंसा करते हुए उन्हें सर्वश्रेष्ठ विद्वान् बतलाया। बादशाह एक विद्याव्यसनी सम्राट् था, वह विद्वानोंका खूब आदर करता था। उसकी सभामें सदैव बहुतसे चुने हुए पण्डित विद्वद्गोष्ठी किया करते थे, जिसमें सम्राट् स्वयं रस लिया करता था। अतः पं० धाराधरसे श्रीजिनप्रभ सूरिजीका नाम श्रवण कर उन्हींके द्वारा आचार्य श्रीको अपनी राजसभामें बहुमान पूर्वक बुलाया।

बादशाहसे मिलन व सत्कार–

सम्राट्का आमन्त्रण पा कर मिती पोषशुक्ला २ को संध्याके समय सूरिजी उससे मिले। सम्राट्ने अपने अत्यन्त निकट सूरिजीको बैठा कर भक्तिके साथ उनसे कुशलप्रश्न पूछा। सूरिजीने प्रत्युत्तर देते हुए नवीन काव्य रच कर आशीर्वाद दिया जिसे सुन कर सम्राट् अत्यन्त प्रमुदित हुआ। लगभग अर्धरात्रि तक सूरिजीके साथ सम्राट्की एकान्त गोष्ठी होती रही। रात्रि अधिक हो जानेके कारण सूरिजी वहीं रहे। प्रातःकाल पुनः सम्राट्ने सूरिजीको अपने पास बुलाया; और सन्तुष्ट हो कर १००० गाय, द्रव्यसमूह, श्रेष्ठ उद्यान, १०० वस्त्र, १०० कम्बल, एवं अगर, चंदन, कर्पूरादि सुगन्धित द्रव्य उन्हें अर्पण करने लगा। परन्तु–'जैन साधुओंको यह सब अकल्पनीय हैं'–इत्यादि समझाते हुए सूरिजीने उन सबका लेना अस्वीकार किया। किन्तु सम्राट्को अप्रीति न हो इसलिये राजाभियोग वश उनमेंसे केवल कम्बल वस्त्रादि अल्प वस्तुयें कुछ ग्रहण कीं।

सम्राट्ने विविध देशान्तरोंसे आये हुए पण्डितोंके साथ सूरिजीकी वाद-गोष्ठी करवा कर दो श्रेष्ठ हाथी मंगवाये। उनमेंसे एक पर श्रीजिनप्रभ सूरिजीको और दूसरे पर उनके शिष्य श्रीजिनदेव सूरिजी-को चढा[1] कर, अनेक प्रकारके शाही वाजित्रोंके समारोह पूर्वक, पौषध शालामें पहुंचाया। उस समय भट्टादि लोग विरुदावली गा रहे थे, राज्यधिकारी प्रधान-वर्ग भी, चारों वर्णकी प्रजाके सहित, उनके साथ थे। संघमें अपार आनंद छा रहा था; आचार्य महाराजकी जयध्वनिसे आकाश गूंज रहा था। श्रावकोंने इस सुअवसर पर आडंबरके साथ प्रवेश-महोत्सव किया और याचकोंको प्रचुर दान दे कर सन्तुष्ट किया।

संघरक्षा और तीर्थरक्षाके फरमान–

सम्राट्का सूरिजीसे परिचय दिनों-दिन बढने लगा जिससे उनके विद्वत्तादि गुणोंकी उसके चित्त पर जबरदस्त छाप पड़ी। उस समय जैनों पर आये दिन नाना प्रकारके उपद्रव हुआ करते थे।

बाहर हो जाता था। वह चाहता था कि लोग उसके सुधारोंका शीघ्र स्वीकार कर लें। जब उसकी आज्ञाके पालनमें आनाकानी होती अथवा विलम्ब होता था तो वह निर्दय हो कर कठोर-से-कठोर दण्ड देता था। विद्वान् होनेके साथ ही साथ महम्मद एक वीर सिपाही और कुशल सेनापति भी था। सुदूर प्रान्तोंमें कई वार उसने युद्धमें महत्त्वपूर्ण विजय प्राप्त की थी। ..... वह कठोर हृदय होते हुए भी उदार था। अपने धर्मका पाबन्द होते हुए भी कट्टरता और पक्षपातसे दूर रहता था। और अभिमानी होते हुए भी उसका विनय प्रशंसनीय था। .....

महम्मद स्वेच्छाचारी था–परंतु उसकी चित्तवृत्ति उदार थी। शासन-प्रबन्धके संबन्धमें वह धर्माधिकारियोंको जरा भी हस्तक्षेप नहीं करने देता था और हिन्दुओंके प्रति उसका व्यवहार अन्य सुलतानोंकी अपेक्षा अधिक निष्पक्ष और सौजन्यपूर्ण था। वह बडा न्यायप्रिय था। शासनके छोटे बडे सभी कामोंकी स्वयं देख भाल करता था और फकीर तथा गृहस्थ सभीको न्यायकी दृष्टिसे समान समझता था।"

१ यद्यपि हाथी पर आरोहण करना मुनियोंका आचार नहीं है, परन्तु शासन-प्रभावनाका महान् लाभ एवं सम्राट्के विशेष आग्रहके कारण यह प्रवृत्ति अपवाद रूपसे हुई ज्ञात होती है। सं० १३३४ में रचित प्रभावकचरित्रमें भी, सूराचार्यके गाजरूढ होनेका उल्लेख मिलता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अतः समस्त श्वेताम्बर दर्शनकी उपद्रवसे रक्षा करनेके लिये सम्राट्ने एक फरमान पत्र सूरिजीको समर्पण किया। गुरुश्रीने चारों दिशाओमें उस फरमानकी नकलें भेज दीं जिससे शासनकी बड़ी भारी उन्नति हुई। इसी प्रकार एक दिन सूरिजीने तीर्थोंकी रक्षाके लिये सम्राट्का ध्यान आकर्षित किया। सम्राट्ने तत्काल शत्रुञ्जय, गिरनार, फलौधी आदि तीर्थोंकी रक्षाके लिये फरमान पत्र लिखवा कर दे दिये। उन फरमान पत्रोंकी नकलें भी तीर्थोंमें भेज दीं गईं। अन्य समय एक वार सूरिजीके उपदेशसे सम्राट्ने बहुत बन्दियोंको कैदसे मुक्त कर दिया।

सं० १३८५ की माघ शुद्धि ७ को दिल्लीमें सूरिजीने 'राजप्रासाद'[1] नामक शत्रुंजय कल्प बनाया।

कन्यानयनकी चमत्कारी प्रतिमाका उद्धार –

संवत् १३८५ में आसीनगर (हांसी) के अग्रविय वंशके किसी क्रूर व्यक्तिने श्रावकों एवं साधुओंको बंदी बना कर उनकी विडम्बना की। उसने कन्यानयनके श्रीपार्श्वनाथ स्वामीकी पाषाण मय प्रतिमाको खण्डित कर दी, और सं० १२३३ आषाढ सुद्धि १० गुरुवारको, श्रीजिनपति सूरिजी द्वारा प्रतिष्ठित एवं उनके चाचा विक्रमपुर निवासी सा० मानदेव कारित, २३ अंगुल प्रमाण वाली श्रीमहावीर भगवानकी चमत्कारी प्रतिमाको[2] अखण्डित रूपसे ही गाड़ीमें रख कर दिल्ली ले आया। सम्राट् उस समय देवगिरिमें था। अतः उसके आने पर उसकी आज्ञानुसार व्यवस्था करनेके विचारसे उस जिनबिम्बको तुगुलकाबादके शाही खजानेमें रख दिया। इससे वह प्रतिमा पंद्रह मास पर्य्यन्त तुर्कोंके आधिकारमें रही।

महावीर प्रभुकी इस प्रतिमाका यह वृत्तान्त ज्ञात कर सूरि महाराज सोमवारके दिन राजसभामें पधारे। उस समय वृष्टि हो रही थी जिससे उनके पैर कीचड़से भर गये थे। सम्राट्ने यह देख कर मल्लिक काफ़र द्वारा अच्छे वस्त्रखंडसे उनके पैर पुंछवाये। सूरिजीने बहुत ही भाव-गर्भित काव्य द्वारा सम्राट्को आशीर्वाद दिया। उस काव्यकी व्याख्या करने पर सम्राट्के हृदयमें अत्यन्त चमत्कृति पैदा हुई। अवसर जान कर सूरि महाराजने उपर्युक्त महावीर प्रतिमाका वृत्तान्त बतला कर सम्राट्से, उसे जैनसंघको समर्पण कर देनेके लिये निवेदन किया। सम्राट्ने सूरिजीकी आज्ञाको सहर्ष स्वीकार की। तुगुलकाबादके खजानेसे असूअग मल्लिकोंके कन्धे पर विराजमान करा कर प्रभुप्रतिमाको राजसभामें मंगवाई और सम्राट्ने दर्शन करके सूरि महाराजको समर्पण कर दीं। उस चमत्कारी प्रतिमाकी प्राप्तिसे संघको अपार हर्ष हुआ। समस्त संघने एकत्र हो कर बड़े समारोहके साथ सुखासनमें विराजमान कर 'मलिकताजदीन सराय' के जिनमन्दिरमें उसे स्थापित की। सूरिजीने वासक्षेप किया, और श्रावकलोग प्रतिदिन पूजन करने लगे।

कन्यानयकी प्रतिमाका पूर्व इतिहास –

इस प्रतिमाके पूर्व इतिहासके विषयमें सूरिजीने 'कन्यानयन' तीर्थकल्पमें लिखा है कि– सं० १२४८ में पृथ्वीराज चोहानके, सहाबुद्दीन गौरी द्वारा मारे जाने पर, राज्यप्रधान परम श्रावक सेठ रामदेवने स्थानीय श्रावक संघको लिखा कि– तुर्कोंका राज्य हो गया है, अतः महावीर प्रभुके बिंबको कहीं प्रच्छन्नरूपसे रखना आवश्यक है। इस सूचनासे वहांके श्रावकोंने दाहिमाज्ञातीय मंडलेश्वर कैमासके नामसे वसे हुए 'कयंवास स्थल' में बालुके नीचे प्रतिमाको गाड़ दी।

सं० १३८६ में सूरिजीने ढिंपुरी तीर्थ स्तोत्रकी रचना की।

---

१ इस कल्प का नाम 'राजप्रासाद' होनेका कारण सूरिजीने ही बताया है कि इसके रचना-प्रारंभके समय राजाधिराज (महमद तुगुलक) संघ पर प्रसन्न हुए थे। उपर्युक्त फरमान द्वयकी प्राप्तिसे भी इसका समर्थन होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सं० १३११ के दारुण दुर्भिक्षमें जीवन निर्वाहके लिये जाजओ नामक सूत्रधार कन्नाणयसे सुभिक्ष देशकी ओर चला। प्रथम प्रयाण थोड़ा ही करना चाहिये यह विचार कर उसने रात्रिनिवास 'कयंवास स्थल'में किया। अर्द्धरात्रिके समय उससे स्वप्नमें देवताने कहा—'तुम जहां सोये हो उसके कितनेक हाथ नीचे प्रभु महावीरकी प्रतिमा है। तुम उसे प्रकट करो ता कि तुम्हें देशान्तर न जाना पड़े और यहीं निर्वाह हो जाय!' संभ्रम पूर्वक जग कर देवकथित स्थानको अपने पुत्रादिसे खुदवाने पर प्रतिमा प्रकट हुई। यह शुभ सूचना उसने श्रावकोंको दी। उन्होंने महोत्सवके साथ मन्दिरजीमें प्रतिमाको स्थापित की और सूत्रधारकी आजीविका बांध दी।

एक वार न्हवणकरानेके पश्चात् प्रभुबिंब पर पसीना आता दिखाई दिया। बार-बार पौंछने पर भी अविरल गतिसे पसीना आता रहा। इससे श्रावकोंने भावी अमंगल जाना। इतने ही में प्रभातके समय जेट्ठुय लोगोंकी धाड़ आई। उन्होंने नगरको चारों तरफसे नष्ट किया। इस प्रकार प्रकट प्रभाव वाले महावीर भगवान, सं० १३८५ तक 'कयंवास स्थल' में श्रावकों द्वारा पूजे गये। इसके बादका वृत्तान्त ऊपर आ ही चुका है।

कन्यानयन स्थान निर्णय—

पं० लालचंद भगवानदासका मत है कि उपर्युक्त कन्नाणय या कन्यानयन वर्त्तमान कानानूर है। पर हमारे विचारसे यह ठीक नहीं है। क्यों कि उपर्युक्त वर्णनमें, सं० १२४८ में उधर तुर्कोंका राज्य होना लिखा है; किन्तु उस समय दक्षिण देशके कानानूरमें तुर्कोंका राज्य होना अप्रमाणित है। 'युगप्रधानाचार्यगुर्वावली' में (जो कि श्री जिनविजयजी द्वारा सम्पादित हो कर 'सिंघी जैन ग्रन्थमाला' में प्रकाशित होने वाली है) कन्यानयनका कई स्थलोंमें उल्लेख आता है। उससे भी कन्नाणय, आसी नगर (हांसी) के निकट, वागड़ देशमें होना सिद्ध है। जिस कन्यानयनीय महावीर प्रतिमाके सम्बन्ध में ऊपर उल्लेख आया है उसकी प्रतिष्ठाके विषयमें भी गुर्वावलीमें लिखा है कि—सं० १२३३ के ज्येष्ठ सुदि ३ को, आशिकामें बहुतसे उत्सव समारोह होनेके पश्चात्, आषाढ महीनेमें कन्यानयनके जिनालयमें श्रीजिनपति सूरिजीने अपने पितृव्य सा० मानदेव कारित महावीर बिंबकी प्रतिष्ठा की और व्याघ्रपुरमें पार्श्वदेवगणिको दीक्षा दी। कन्यानयनके सम्बन्धमें गुर्वावलीके अन्य उल्लेख इस प्रकार हैं—

संवत् १३३४ में श्रीजिनचन्द्र सूरिजीकी अध्यक्षतामें कन्यानयन निवासी श्रीमाल ज्ञातीय सा० कालाने नागौरसे श्रीफलौधी पार्श्वनाथजीका संघ निकाला, जिसमें कन्यानयनादि समग्र वागड़ देश व सपादलक्ष देशका संघ सम्मिलित हुआ था।

संवत् १३७५ माघ सुदि १२ के दिन, नागौरमें अनेक उत्सवोंके साथ श्रीजिनकुशल सूरिजीके वाचनाचार्य-पदके अवसर पर, संघके एकत्र होनेका जहां वर्णन आता है वहां 'श्रीकन्यानयन, श्रीआशिका, श्रीनरभट प्रमुख नाना नगर ग्राम वास्तव्य सकल वागड़ देश समुदाय' लिखा है।

संवत् १३७५ वैशाख वदि ८ को, मन्त्रिदलीय ठक्कुर अचलसिंहने सुलतान कुतुबुद्दीनके फरमान से हस्तिनापुर और मथुराके लिये नागौरसे संघ निकाला। उस समय, श्रीनागपुर, रुणा, कोसवाणा, मेड़ता, कडुयारी, नवहा, झुंझणु, नरभट, कन्यानयन, आसिकाउर, रोहद, योगिनीपुर, धामइना, जमुनापार आदि नाना स्थानोंका संघ सम्मिलित हुआ लिखा है। संघने क्रमशः चलते हुए नरभटमें श्रीजिनदत्तसूरि-प्रतिष्ठित श्रीपार्श्वनाथ महातीर्थकी वन्दना की। फिर समस्त वागड़ देशके मनोरथ पूर्ण करते हुए कन्यानयनमें श्रीमहावीर भगवानकी यात्रा की।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्रीजिनचन्द्र सूरिजीने खण्डासराय (दिल्ली) चातुर्मास करके मेड़ताके राणा मालदेवकी वीनतिसे विहार कर मार्ग में धामइना, रोहद आदि नाना स्थानोंसे हो कर, कन्यानयन पधार कर महावीर प्रभुको नमस्कार किया।

संवत् १३८० में सुलतान गयासुद्दीनके फरमान ले कर दिल्लीसे शत्रुंजयका संघ निकला। वह सर्व-प्रथम कन्यानयन आया, वहां वीर प्रभुकी यात्रा कर फिर आशिका, नरभट, खाटू, नवहा, झुंझणू आदि स्थानोंमें होते हुए, फलौधी पार्श्वनाथजीकी यात्रा कर, शत्रुंजय गया।

उपर्युक्त इन सारे अवतरणोंसे कन्यानयनका, आशिकाके निकट वागड़ देशमें होना सिद्ध होता है। श्रीजिनप्रभ सूरिजीने कन्यानयनके पास 'कयंवासस्थल' का जो कि मंडलेश्वर कैमासके नामसे प्रसिद्ध था, उल्लेख किया है। मंडलेश्वर कैमासका संबन्ध भी कानानूरसे न हो कर हांसीके आसपासके प्रदेशसे ही हो सकता है। गुर्वावलीके अवतरणोंसे नागौरसे दिल्लीके रास्तेमें नरभट और आशिकाके बीचमें कन्यानयन होना प्रामाणित है। अनुसन्धान करने पर इन स्थानोंका इस प्रकार पता लगा है—

नरभट—पिलानी से ३ मील।

कन्यानयन—वर्तमान कनाणा दादरी से ४ मील जिंद रिसायतमें है।

आशिका—सुप्रसिद्ध हांसी।

पं० भगवानदासजी जैनने ठ० फेरु विरचित 'वस्तुसार' ग्रन्थकी प्रस्तावनामें कन्यानयनको वर्त्तमान करनाल बतलाया है, परन्तु हमें वह ठीक नहीं प्रतीत होता। गुर्वावलीके उल्लेखानुसार करनाल कन्यानयन नहीं हो सकता।

इसमें अब एक यह आपत्ति रह जाती है कि श्रीजिनप्रभ सूरिजीने स्वयं 'कन्याननीय—महावीरकल्प' में कन्यानयनको चोल देशमें लिखा है। हमारे विचारसे यह चोल देश, जिस स्थानको हम बतला रहे हैं, पूर्वकालमें उसे भी चोल देश कहते हों। इस विषयमें विशेष प्रमाण न मिलनेसे विशेष रूपसे नहीं कह सकते; पर गुर्वावलीमें महावीर प्रतिमाकी प्रतिष्ठाके संबन्धमें जब यह उल्लेख है कि—सं० १२३३ के ज्येष्ठ सुदि ३ को, आशिकामें धार्मिक उत्सव होनेके पश्चात्, आषाढमें ही कन्यानयनमें महावीर बिंबकी प्रतिष्ठा श्रीजिनपति सूरिजी द्वारा हुई; और वहांसे फिर व्याघ्रपुर आ कर पार्श्वदेवको दीक्षित किया। श्रीजिनप्रभ सूरिजीने भी प्रतिमाको 'सा० मानदेव कारित, सं० १२३३ आषाढ सुदि १० को प्रतिष्ठित, मानदेवको श्रीजिनपति सूरिजीका चाचा होना, और प्रतिष्ठा भी श्रीजिनपति सूरिजी द्वारा होना' लिखा है। उसी प्रकार ये सारी बातें प्राचीन गुर्वावलीसे भी सिद्ध और समर्थित हैं। पिछले उल्लेखोंमें भी, जो कि कन्यानयनके महावीर भगवानकी यात्राके प्रसङ्गमें हैं, कन्यानयनको वागड़ देशमें आशिकाके पास ही बतलाया है। इन सब बातों पर विचार करते हुए हमारी तो निश्चित राय है कि कन्यानयन कानानूर न हो कर वर्त्तमान कनाणा ही है। जिस प्रकार वागड़ देश ४ हैं, इसी प्रकार चोल देश भी दो हो सकते हैं।

विक्रमपुर स्थल निर्णय—

सा० मानदेव के निवास स्थान विक्रमपुरको पं० लालचंद भगवानदासने दक्षिणके कानानूर के पासका बतलाया है; पर यह विक्रमपुर तो निश्चिततया जेसलमेरके निकटवर्त्ती वर्तमान वीक्रमपुर है। श्रीजिनपति सूरिजीके रास में 'अत्थि मरुमंडले नयर विक्कमपुरे' शब्दोंसे विक्रमपुरको मरुस्थलमें सूचित किया है। संभव है सा० मानदेव व्यापारादिके प्रसङ्गसे वागड़ देशके कन्यानयनमें रहते हों और वहीं श्रीजिनपति सूरिजीके जाने पर महावीर भगवानकी प्रतिष्ठा कराई हो।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'जैन स्तोत्र संदोह' भा० २ की प्रस्तावना, पृ० ४० में, इस विक्रमपुरको बीकानेर बतलाया है, पर वह भूल ही है। बीकानेर तो उस समय बसा भी नहीं था, उसे तो राव बीकाने, सं० १५४५ में बसाया है। पूर्वका विक्रमपुर जेसलमेर निकटवर्ती वर्तमान वीक्रमपुर ही है।

देवगिरिकी ओर विहार और प्रतिष्ठानपुर यात्रा–

श्री जिनप्रभ सूरिने दिल्लीमें इस प्रकारकी धर्म-प्रभावना करके महाराष्ट्र (दक्षिण)की ओर विहार किया। सम्राट्ने सूरिजीके विहारमें सब प्रकारकी अनुकूलतायें प्रस्तुत कर दीं। सूरिजीने सम्राट् एवं स्थानीय संघके संतोषके निमित्त श्री जिनदेव सूरिजीको, १४ साधुओंके साथ, दिल्लीमें ठहरनेकी आज्ञा दी। सूरिजी विहार-मार्गके अनेक नगरोंमें धर्म-प्रभावना करते हुए देवगिरि (दौलताबाद) पहुंचे। स्थानीय संघने प्रवेशोत्सव किया[1]। वहांसे संघपति जगसिंह, साहण, मल्लदेव आदि संघ-मुख्योंके सहित प्रतिष्ठानपुर पधारे और वहां जीवंत मुनिसुव्रत स्वामीकी प्रतिमाके दर्शन किये। यात्रा करके संघ सहित सूरिमहाराज पुनः देवगिरि पधारे। सं० १३८७ भा० शु० १२ के दिन 'दीवाली ल्कप' की यहां पर रचना की।

देवगिरिके जैन मन्दिरोंकी रक्षा–

एक वार, पेथड़, सहजा और ठ० अचलके करवाए हुए जिनमन्दिरोंको तुर्क लोग तोड़नेके लिये उद्यत हुए,[2] तब सूरजीने शाही फरमान दिखला कर उन मन्दिरोंकी रक्षा की। इस प्रकार और भी अनेक तरहसे शासन-प्रभावना करते हुए, शिष्योंको सिद्धान्त-वाचना और तपोद्वहन कराते हुए, तीन वर्ष यहीं व्यतीत किये। इसी बीच सूरजीने उद्भट ऐसे बहुतसे वादियोंको शास्त्रार्थमें परास्त किया। अपने शिष्यों एवं अन्य गच्छके मुनियोंको काव्य, नाटक, अलङ्कार, न्याय, व्याकरण आदि शास्त्र पढाए[3]।

दिल्लीमें जिनदेव सूरिद्वारा धर्म-प्रभावना–

इधर दिल्लीमें विराजित श्री जिनदेव सूरिजी, विजयकटक (शाही छावणीमें) में सम्राट्से मिले। सम्राट्ने बहुत सन्मानके साथ एक सराय (मुहल्ला) जैन संघके निवास करनेके लिये दी। इस सराय का नाम 'सुलतान सराय' रखा गया। वहां सम्राट्ने पौषधशाला और जैनमन्दिर बनवा दिया, एवं ४०० श्रावकोंको सकुटुम्ब निवास करनेका आदेश दिया। पूर्वोक्त कन्यानयनके महावीर बिम्बको, इस सरायमें सम्राट्के बनवाये हुए मन्दिरमें विराजमान किया गया। श्वेताम्बर, दिगम्बर एवं अन्य धर्मावलम्बी जन भी भक्तिभावसे इस प्रतिमाकी पूजा करने लगे। इस शासनोन्नतिके कायसे सम्राट् महम्मद तुगुलकका सुयश सर्वत्र फैल गया।

---

१. 'संस्कृत जिनप्रभसूरि प्रबन्ध' और शुभशीलगणिके कथाकोशमें लिखा है कि–जिनप्रभ सूरिजी सर्वत्र चैत्य परिपाटी करते हुए सुलतान महमद शाहके साथ देवगिरि पहुंचे। तब सा० जगसिंहने ३२००० मुद्रा व्यय कर प्रवेशोत्सव किया। स्थानीय चैत्योंकी वन्दना करते हुए, जब सूरिजी जगसिंहके गृहमन्दिर पर पहुंचे तो वहां के रत्नमय जिनबिम्बोंको देखकर सूरिजीने सिर धुनाया। जगसिंहके कारण पूछने पर कहा–'हमने बहुत स्थानोंमें जिनमन्दिरोंका वंदन किया पर एक तो आज तुम्हारे गृहमन्दिरको स्थावर तीर्थरूप और दूसरे जंगम तीर्थरूप जंघरालपुरमें तपागच्छीय सोमतिलकसूरि को देखा।

२. विशेष जाननेके लिये **'जिनप्रभसूरि अने सुलतान महमद'** पृ० ७९ से १०१ तक देखना चाहिए।

३. हर्षपुरीय गच्छके मलधारि श्री राजशेखरसूरिने अपने बनाये हुए न्यायकन्दली विवरणमें, सूरिजीका अपने अध्यापक रूपसे स्मरण किया है। उन्होंने सूरिजीसे न्यायकंदली० ग्रन्थका अध्ययन किया था। रुद्रपल्लीय गच्छके संघतिलकसूरिने सम्यक्त्वसप्ततिकावृत्तिमें सूरिजीको अपना विद्यागुरु बतलाया है। इसी तरह, सं० १३४९ में नागेन्द्र गच्छके श्री मल्लीषेण सूरिने अपनी स्याद्वादमञ्जरीमें जिनप्रभ सूरिजी द्वारा प्राप्त सहायताका उल्लेख किया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्राट्का स्मरण और आमंत्रण –

एक वार दिल्लीमें बादशाह महम्मद तुगुलक अपनी सभामें विद्वानोंके साथ विद्वद्गोष्ठी करता था। उसको किसी शास्त्रीय विचारमें सन्देह उत्पन्न हो जाने पर उपस्थित पण्डितों द्वारा समाधान न होनेसे एकाएक श्रीजिनप्रभ सूरिजीकी स्मृति हो आई। उसने कहा –'यदि इस समय राजसभामें वे सूरि विद्यमान होते तो अवश्य हमारे संशय का निराकरण हो जाता। सचमुच उनकी विद्वत्ता अगाध है।' इस प्रकार सम्राट्के मुखसे सूरिजीकी प्रशंसा सुन कर दौलताबादसे आए हुए ताजुलमल्लिकने शिर झुका कर निवेदन किया –'स्वामिन्! वे महात्मा अभी दौलताबादमें हैं, परंतु वहांका जलवायु अनुकूल न होनेसे वे बहुत कृश हो गये हैं!' यह सुन कर प्रसन्नता पूर्वक सूरिजीके गुणोंका स्मरण करते हुए उस मल्लिकको आज्ञा दी कि तुम शीघ्र दुवीरखाने जाकर फरमान लिखा कर सामग्री सहित भेजो, जिससे वे आचार्य देवगिरिसे यहां शीघ्र पहुंच सकें। सम्राट्की आज्ञासे मल्लिकने वैसा ही किया। यथा समय शाही फरमान दौलताबादके दीवानके पास पहुंचा। सूबेदार कुतुहलखानने सूरिजीको दिल्ली पधारनेके लिये सविनय प्रार्थना करते हुए शाही फरमान बतलाया। सूरि महाराजने सप्ताह भरमें (१० दिन बाद) तैयार होकर ज्येष्ठ सुदि १२ को राजयोगमें संघके साथ वहांसे प्रास्थान किया।

अल्लावपुरमें उपद्रव निवारण –

स्थान स्थानमें धर्म-प्रभावना करते हुए सूरि महाराज अल्लावपुर दुर्ग पधारे। असहिष्णु म्लेच्छोंको एक जैनाचार्यकी इस प्रकारकी महिमा सह्य नहीं हुई। उन लोगोंने सथवाडेके लोगोंकी बहुतसी वस्तुएं छीन लीं एवं इसी प्रकार कीतने ही उपद्रव करने प्रारम्भ कर दिये। जब दिल्लीमें विराजमान श्रीजिनदेव सूरजीको यह वृत्तान्त ज्ञात हुआ तो उन्होंने तत्काल सम्राट्को सारा हाल कह सुनाया। सम्राट्ने बहुमान पूर्वक फरमान भेज कर वहांके मल्लिक द्वारा लोगोंकी सारी वस्तुएं वापिस दिला दीं। इससे सूरिजीका अद्भुत प्रभाव पड़ा, उन्होंने १॥ मास रह कर वहांसे प्रस्थान कर दिया। क्रमशः विचरते हुए जब आप सिरोह पहुंचे तो सम्राट्ने उन्हें देवदूष्यकी भाँति सुकोमल १० वस्त्र भेज कर सत्कृत किया। वहांसे विहार करके दिल्ली पहुंचे।

दिल्लीमें सम्राट्से पुनर्मिलन –

जैनसंघ और सम्राट् उनके दर्शनोंके लिये चिर कालसे उत्कण्ठित था ही। पूज्य श्रीके शुभागमनसे उनका हृदय अत्यन्त प्रफुल्लित हो गया। मिती भादवा सुदि २ के दिन मुनिमण्डल एवं श्रावकसंघके साथ युगप्रधान गुरुजी राजसभामें पधारे। सम्राट्ने मृदु वचनोंसे वन्दन पूर्वक कुशल प्रश्न पूछा और अत्यन्त स्नेहवश सूरजीके हाथको चुम्बन कर अपने हृदय पर रखा। सूरि महाराजने तत्काल ही नवीन निर्मित पद्यों द्वारा आशीर्वाद दिया। जिसे श्रवण कर सम्राट्का चित्त अत्यन्त चमत्कृत हुआ। सूरिजीके साथ वार्तालाप होनेके अनन्तर विशाल महोत्सव पूर्वक अपने हिन्दु राजाओं और प्रधान पुरुषोंके साथ वाजित्रादि बजते हुए सन्मान पूर्वक सम्राट्ने सुलतान सरायकी पौषधशालामें उन्हें पहुंचा दिया। उनका प्रवेशोत्सव अपूर्व आनंददायक और दर्शनीय था।

पर्युषणमें धर्म-प्रभावना –

मिती भादवा शुक्ला ४ के दिन संघने महोत्सव पूर्वक पर्युषणाकल्प सूरिजीसे भक्ति पूर्वक श्रवण किया। सूरिजीके आगमन और प्रभावनाके पत्र पा कर देशान्तरीय संघ हर्षित हुआ। सूरिजीने राजबन्दी श्रावकोंको

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लाखों रुपयोंके दण्डसे मुक्त कराया; एवं अन्य लोगोंको भी करुणावान् पूज्यश्रीने कैदसे छुड़ाया । जो लोग अवकृपा प्राप्त हो गए थे वे भी सूरिजीके प्रभावसे पुनः प्रतिष्ठाप्राप्त हुए । सूरिजी निरन्तर राजसभामें जाते थे । उन्होंने अनेक वादियों पर विजय प्राप्त कर जिन शासनकी शोभा बढाई थी । सं० १३८९ के ज्येष्ठ सुदि ५ को 'वीरगणधर' कल्प और मिती भादवा सुदि १० को दिल्लीमें ही **विविधतीर्थकल्प** नामक अद्वितीय ग्रन्थरत्नकी पूर्णाहुती की ।

फाल्गुन मासमें, दौलताबादसे सम्राट्की जननी मगदूमई जहांके आने पर, चतुरङ्ग सेनाके साथ बादशाह उसकी अभ्यर्थनामें सन्मुख गया । उस समय सूरि महाराज भी साथ थे । वडथूण स्थानमें मातासे मिल कर सम्राट्ने सबको प्रचुर दान दिया । प्रधानादि अधिकारियोंको वस्त्रादि देकर सत्कृत किया । वहांसे दिल्ली आकर सूरिजीको वस्त्रादि देकर सन्मानित किया ।

दीक्षा और बिम्बप्रतिष्ठादि उत्सव –

चैत सुदि १२ के दिन, राजयोगमें, सम्राट्की अनुमतिसे उसके दिये हुए साईबाणकी छायामें नन्दी स्थापना की । सूरिजीने वहां ५ शिष्योंको दीक्षित किया । मालारोपण, सम्यक्त्व ग्रहण आदि धर्मकृत्य हुए । स्थिरदेवके पुत्र ठ० मदनने इस प्रसङ्ग पर बहुतसा द्रव्य व्यय किया ।

मिती आषाढ सुदि १० को नवीन बनवाये हुए १३ अर्हत बिंबोंकी सूरिजीने महोत्सव पूर्वक प्रतिष्ठा की । बिम्बनिर्माता एवं सा० पद्दराजके पुत्र अजयदेवने प्रतिष्ठा-महोत्सवमें पुष्कळ द्रव्य व्यय किया ।

सम्राट् समर्पित भट्टारक-सरायमें प्रवेश –

सुलतान सराय राजसभासे काफी दूर थी; अतः सूरिजीको हमेशा आनेमें कष्ट होता है ऐसा विचार कर सम्राट्ने अपने महलके निकटवर्ती सुन्दर भवनों वाली नवीन सराय समर्पण की । श्रावक-संघको वहां पर रहनेकी आज्ञा देकर बादशाहने उसका नाम 'भट्टारक सराय' प्रसिद्ध किया । वहां पर वीरप्रभुका मन्दिर व पौषधशाला बनवाई । सं० १३८९ मिती आषाढ़ कृष्णा ७ को, उत्सव पूर्वक सूरि महाराजने पौषधशालामें प्रवेश किया । इस प्रसङ्ग पर विद्वानों एवं दीन अनाथोंको यथेष्ट दान दिया गया ।

मथुरा तीर्थका उद्धार –

मार्गशिर महिनेमें सम्राट्ने पूर्व देशकी ओर विजय प्राप्त करनेके हेतु ससैन्य प्रस्थान किया । उस समय उन्होंने सूरिजीको भी वीनति करके अपने साथमें लिये । स्थान स्थान पर बन्दीमोचनादि द्वारा शासन-प्रभावना करते हुए सूरि महाराजने मथुरा तीर्थका उद्धार कराया ।

हस्तिनापुरकी यात्रा और प्रतिष्ठा –

शाही सेनाके साथ पैदल विहार करते हुए सूरिजीको कष्ट होता है, यह विचार कर सम्राट्ने खोजे जहां मल्लिकके साथ उन्हें आगरेसे दिल्ली लौटा दिया । हस्तिनापुरकी यात्राका फरमान लेकर आचार्य श्री दिल्ली पहुंचे । चतुर्विध संघ हस्तिनापुरकी यात्राके निमित्त एकत्र हुआ । शुभ मुहूर्तमें बोहित्थ (चाहड पुत्र) को संघपतिका तिलक कर वहांसे प्रस्थान किया । संघपति बोहित्थने स्थान स्थान पर महोत्सव किये ।

तीर्थभूमिमें पहुंच कर तीर्थको बधाया । नवनिर्मित शान्तिनाथ, कुंथुनाथ, अरनाथ आदि तीर्थंकरों-के बिम्बोंकी सूरिजीसे प्रतिष्ठा करवाई । अंबिकादेवीकी प्रतिमा स्थापित की । संघपतिने संघवात्सल्यादि किये । संघने वस्त्र, भोजन आदि द्वारा याचकोंको सन्तुष्ट किया । संवत् १३८९ वैशाख सुदि ६ के दिन रचित,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हस्तिनापुर तीर्थकल्पमें, संघ सहित यात्रा करनेका सूरिजीने स्वयं उल्लेख किया है। तीर्थयात्रासे लौट कर सूरिजीने वैशाख सुदि १० के दिन श्रीकन्यानयनके महावीर बिम्बको सम्राट्के बनवाये हुए जैन मन्दिरमें महोत्सव पूर्वक स्थापित किया।

इधर सम्राट् भी दिग्विजय करके दिल्ली लौटा। जैनमन्दिर और उपाश्रयोंमें उत्सव होने लगे। सम्राट् एवं सूरिजीका सम्बन्ध उत्तरोत्तर घनिष्ठता प्राप्त करने लगा। अतः सूरिजी और सम्राट् दोनोंके द्वारा जिनशासनकी बड़ी प्रभावना होने लगी। सूरिजीके प्रभावसे दिगम्बर श्वेताम्बर समस्त जैन संघ व तीर्थोंका उपद्रव शाही फरमानों द्वारा सर्वथा दूर हो गया।

ग्रन्थान्तरोंके चमत्कारिक उल्लेख–

सुलतान प्रतिबोधका उपर्युक्त वृत्तान्त, विविधतीर्थकल्प ग्रन्थान्तर्गत **'श्रीकन्यानयन-महावीर प्रतिमाकल्प'** और रुद्रपल्लीय गच्छके श्रीसोमतिलक सूरि कृत **'कन्यानयन-श्रीमहावीर-तीर्थकल्प परिशेष'** से लिखा गया है जो कि प्रथम स्वयं सूरि महाराजकी और दूसरी समकालीन रचना है। अब प्राकृत जिनप्रभसूरिप्रबन्धादि ग्रन्थान्तरोंसे सूरिजी एवं सम्राट् सम्बन्धी विशेष बातें संक्षेपमें दी जाती हैं।

पद्मावती सांनिध्य–

पद्मावती देवीकी सूचनानुसार सूरिजी दिल्लीके शाहपुरामें आकर ठहरे। एक वार शौचभूमि जाते समय अनार्योंने लेष्टु (ढेला-पत्थर) आदि द्वारा उन्हें अपमानित किया। पद्मावती देवीने उन अनार्योंको उचित शिक्षा दी। इससे उन्होंने भाग कर सुलतान महमदशाहसे सारा वृत्तान्त कहा। उसने चमत्कृत हो कर सूरिजीको अपने यहां बुलाया। सूरिजीके कुम्भकासनादि द्वारा सम्राट्का चित्त अत्यन्त प्रभावित हुआ।

व्यन्तरोपद्रव निवारण–

एक वार सम्राट्ने सूरिजीसे कहा – 'मेरी प्रिया बालादेको किसी व्यन्तरकी बाधा है जिससे वह वस्त्र-ग्रहणादि शरीर शुश्रूषा नहीं करती। आपका प्रभाव असाधारण है अतः कृपया किसी प्रकारसे इस व्यन्तरोपद्रवका निवारण करें'। सूरिजीने कहा, – 'अच्छा! उसके पास जाकर कहो कि जिनप्रभ सूरि आते हैं।' सम्राट्ने वैसा ही किया। सूरिजीके आगमनकी बात सुन कर बालादेने सहसा उठ कर दासीसे वस्त्र मंगा कर पहन लिये। सूरि महाराजके नाममें ही कैसा अद्भुत प्रभाव है इसका प्रत्यक्ष फल देख कर सम्राट् अत्यन्त प्रसन्न हुआ, और सूरिजीको महलमें पधारनेकी वीनति की। सूरिजीने आते ही बालादेके देहमें प्रविष्ट व्यन्तरको कहा – 'दुष्ट! तूं यहां कहांसे आया, चला जा'। उसने जब जानेकी आनाकानी की तो गुरुदेवने मेघनाद क्षेत्रपालके द्वारा उसे भगा दिया। रानी स्वस्थ हो गई और सूरिजीके प्रति अत्यन्त भक्तिभाव रखने लगी।

ईर्ष्यालु राघव चेतनको शिक्षा–

एक वार सम्राट्की सेवामें काशीसे चतुर्दशविद्यानिपुण मंत्र-तंत्रज्ञ राघवचेतन नामका ब्राह्मण आया। उसने अपनी चातुरीसे सम्राट्को रञ्जित कर लिया। सम्राट् पर जैनाचार्य श्रीजिनप्रभ सूरिजीका प्रभाव उसे बहुत अखरता था। अतः उन्हें दोषी ठहरा कर, उनका सम्राट् पर प्रभाव कम करनेके लिये सम्राट्की मुद्रिका अपहरण कर सूरिजीके रजोहरणमें प्रच्छन्न रूपसे डाल दी। पद्मावती देवीसे वृत्तान्त ज्ञात कर सूरिजीने धीरेसे उस मुद्रिकाको राघव चेतनकी पगडी पर लटका दी। सम्राट् मुद्रिका न पा कर इधर उधर देखने लगा तो राघव चेतनने कहा – 'आपकी मुद्रिका सूरिजीके पास है!' सम्राट्ने जब सूरिजीकी ओर देखा तो उन्होंने

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कहा—'उलटा चोर कोतवालको दण्डे!' वाली उक्ति चरितार्थ हो रही है; मुद्रिका तो इसके मस्तक पर पडी है और यह हमारे पास बतलाता है। जब सम्राट्ने उसकी तलाशी ली तो वह अपनी करणीका फल पा कर म्लानमुख हो गया—"खाड खणे जो और को ता को कूप तैयार"।

कलंदर मुल्ला मानमर्दन—

इसी प्रकार फिर कभी राजसभामें खुरासानसे एक कलन्दर मुल्ला आया। उसने अपना प्रभाव जमाने और सूरिजीका प्रभाव घटानेके लिए अपनी टोपीको आकाशमें फैंक कर अधर रखी और गर्वपूर्वक सम्राट् से कहने लगा—'क्या कोई आपकी सभामें ऐसा है जो इस टोपीको नीचे उतार सकता है?' सम्राट्ने सूरिजीकी ओर देखा। उन्होंने तत्काल रजोहरण फैंक कर उसके द्वारा टोपीको ताडित करते हुए फकीरके मस्तक पर गिरा दी[1]। इस कौशलसे हताश होकर कलन्दरने एक पनिहारीके मस्तक पर रहे हुए घडेको अधर स्तम्भित कर दिया। सूरिजीने कहा—'घडेको स्तंभित करनेमें क्या है, बिना घडे पानीको स्तंभित करे वही श्रेष्ठ कला है'। सम्राट्ने मुल्लासे वैसा करनेको कहा परन्तु वह न कर सका। तब सूरिजीने तत्काल घडेको कंकरसे फोड कर पानीको अधर स्तंभित दिखला दिया।

अद्भुत भविष्य-वाणी—

एक समय सम्राट्ने शाही सभामें बैठे हुए समस्त पण्डितोंसे पूछा—'कहिये! आज मैं किस मार्गसे राजवाटिकामें जाऊंगा?' सभी पण्डितोंने अपनी अपनी बुद्धिके अनुसार लिख कर सम्राट्को दे दिया। सम्राट्ने सूरिजीसे कहा तो उन्होंने भी अपना मन्तव्य लिख दिया। सब चिट्ठीयोंको अपने दुप्पट्टेमें बांध कर सम्राट्ने विचार किया, कि आज किसी ऐसे मार्गसे जाना चाहिए जिससे ये सब असत्यवादी सिद्ध हो जावें। विचारानुसार वह किलेके बुर्जको तुडवा कर नवीन मार्गसे राजवाटिकामें पहुंचा और एक वट वृक्षकी छायामें बैठ कर सब पण्डितों और सूरिजीको बुलाया। सबके लेख पढे गये और वे असत्य प्रमाणित हुए। अन्तमें सूरिजीका लेख पढा गया। उसमें लिखा था—'किलेके बुर्जको तोड कर राजवाटिकामें जा कर सुलतान वट वृक्षके नीचे विश्राम करेंगे।' इस अद्भुत निमित्तको श्रवण कर सभी विद्वान और विशेषतः सम्राट् अत्यन्त विस्मित हुए और सम्राट्ने स्पष्ट रूपसे सबके समक्ष सूरिजीकी इन शब्दोंमें स्तुति की कि—'सचमुच यह बात मनुष्यकी कल्पनासे भी अगम्य है। ये गुरु मनुष्य रूपमें साक्षात् परमेश्वर हैं।' इसी प्रकार अन्यदा सम्राट्के यह पूछने पर कि—'मैं आज क्या खाऊंगा?' सूरिजीने निमित्त बलसे एक पुर्जेमें अपना मन्तव्य लिख दिया और भोजनानन्तर खोलनेको कहा। सुलतानने "खोल" खाया और जब सूरिजीका लिखा हुआ पुर्जा देखा गया तो उसमें भी वही लिखा पाया।

वट वृक्षको साथ चलाना—

एक वार सम्राट्ने देशान्तर जानेके लिये प्रस्थान कर एक शीतल छायावाले वृक्षके नीचे विश्राम किया। सम्राट्ने आराम पा कर उस वृक्षकी बहुत प्रशंसा की और कहा कि—'यदि यह वृक्ष अपने साथ रहे तो क्या ही अच्छा हो!' सूरिजीने अपने लोकोत्तर विद्या-प्रभावसे वृक्षको भी सम्राट्का सहगामी बना दिया। पांच कोस तक वृक्ष साथ चला; फिर सूरिजीने सम्राट्के कहनेसे उस वृक्षको वापिस स्वस्थान

---

१ सम्राट्के समक्ष मुल्लाकी टोपीको रजोहरण द्वारा आकाशसे गिरानेका उल्लेख युगप्रधान श्रीजिनचंद्रसूरिजीके संबन्धमें भी आता है। इसी प्रकार अमावास्याके दिन पूर्णचंद्रका उदय करनेका प्रसङ्ग भी यु० जिनचन्द्रसूरि और सम्राट् अकबरके चरित्रोंमें आता है। हमारे विचारसे ये दोनों बातें श्रीजिनप्रभसूरिजीके सम्बन्धकी होंगी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जानेकी आज्ञा दी। तब वृक्ष भी सम्राट्को नमस्कार करके स्वस्थान चला गया। इस अनोखे चमत्कारसे सूरिजीके प्रति सम्राट्की श्रद्धा अत्यधिक दृढ हो गई।

बादशाह महमद तुगुलक क्रमशः प्रयाण करते हुए मारवाड़ पहुंचा। वहांके लोग सम्राट्के दर्शनार्थ आये। उन्हें उत्तम वस्त्राभरणोंसे रहित देख कर सम्राट्ने सूरिजीसे कहा—'ये लोग लूटे हुएसे क्यों मालूम होते हैं?' सूरिजीने कहा—'राजन्! यह मरुस्थली है; जलाभावके कारण धान्यादिकी उपज अत्यल्प होती है, अतएव निर्धनतावश इनकी ऐसी स्थिति है।' सम्राट्ने करुणार्द्र होकर प्रत्येक मनुष्यको पाँच पाँच दिव्य वस्त्र और प्रत्येक स्त्रीको दो दो स्वर्णमुद्राएं एवं साड़ी प्रदान कीं।

महावीर प्रतिमाका बोलना—

कन्यानयनकी श्री महावीर प्रतिमाको सूरिजीने सम्राट्से प्राप्त की थी, जिसका उल्लेख ऊपर आ ही चुका है। प्राकृत प्रबन्धमें लिखा है कि—जिस समय सम्राट्ने उस प्रतिमाका दर्शन किया और सूरिजीने प्रतिमाको जैन संघके सुपुर्द करनेका उपदेश दिया, तब सम्राट्ने कहा—'यदि यह प्रतिमा मुंहसे बोले तो मैं आपको दे सकता हूं।' इस पर सूरिजीने कहा—'प्रतिमाकी विधिवत् पूजा करनेसे वह अवश्य बोलेगी।' सम्राट्ने कौतुकसे उनके कथनानुसार पूजन किया और दोनों हाथ जोड़ कर विनीत भावसे प्रतिमाको बोलनेके लिए प्रार्थना की। तत्काल ही देवप्रभावसे अपना दाहिना हाथ लम्बा करके वह इस प्रकार बोली—

विजयतां जिनशासनमुज्ज्वलं विजयतां भूभुजाधिपवल्लभा।
विजयतां भुवि साहि महम्मदो विजयतां गुरुसूरिजिनप्रभः।

अपने पूछे हुए प्रश्नोंका प्रभुप्रतिमासे सन्तोषजनक उत्तर पा कर सम्राट्के चित्तमें अत्यन्त चमत्कृति उत्पन्न हुई और उस प्रतिमाकी पूजाके निमित्त खरह और मातंड नामक दो ग्राम दिये और मन्दिर बनवा दिया।

सम्राट्की शत्रुंजय यात्रा और रायणकी दूधवर्षा—

एक वार सुलतानने गुरुजीसे पूछा—'जिस प्रकार यह कान्हड़ महावीरका चमत्कारी तीर्थ है, क्या वैसा ही और कोई तीर्थ है?' सूरिजीने तीर्थाधिराज शत्रुंजयका नाम बतलाया। तब संघके साथ सम्राट् सूरिजीको लेकर शत्रुंजय गया। रायण रुंखकी यात्रा करते समय सूरिजीने कहा—'यदि इस रायणको मोतियोंसे बधाया जाय तो इसमेंसे दूधकी वर्षा होती है।' सम्राट्ने ऐसा ही किया, जिससे रायण रुंखसे दूध झरने लगा। इससे चमत्कृत हो कर सम्राट्ने वहां पर ऐसा लेख लिखवाया कि इस तीर्थकी जो अवज्ञा करेगा उसे सम्राट्की अवज्ञाका महान् दण्ड मिलेगा। शत्रुंजयकी तलहटीमें सर्व दर्शनोंके मान्य देवताओंकी मूर्तियां एकत्र कर मध्य भागमें जिनप्रतिमाको रखा और स्वयं सशस्त्र मुसाहिबोंके बीचमें बैठ कर लोगोंसे पूछा—'बड़ा कौन है?' लोग बोले—'आप ही बड़े हैं!' तो सुलतानने कहा जिस प्रकार हथियार वाले सब सेवक और मैं उनका मालिक हूं वैसे ही अस्त्र शस्त्र धारण करने वाले सब देवता सेवक हैं और जैन तीर्थङ्कर सब देवोंमें बड़े हैं।

गिरनारकी अच्छेद्य प्रतिमा—

वहांसे सूरिजी एवं संघके साथ सम्राट्ने गिरनार पर्वतकी यात्रा की। वहांके श्रीनेमिनाथ प्रभुके बिम्बको अच्छेद्य और अभेद्य सुन कर परीक्षाके निमित्त उस पर कई प्रहार करवाये, पर प्रहारोंसे प्रभु-प्रतिमा खण्डित

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

न हो कर उससे अग्निकी चिनगारियां निकलने लगीं। तब सम्राट्ने प्रतिमाके समक्ष क्षमा याचना कर उसे स्वर्णमुद्राओंसे बधाई।

विजय-यन्त्र-महिमा–

एक वार मन्त्र-यन्त्रके माहात्म्यके सम्बन्धमें सूरिजी और सम्राट्में वार्त्तालाप हो रहा था। सम्राट्ने प्रसङ्गवश विजय-यन्त्रकी महिमा सुन कर उसके प्रभावको प्रत्यक्ष देखना चाहा। सूरिजीने विजय-यन्त्र देते हुए सम्राट्से कहा–'जिसके पास यह यंत्र होता है उसे देवताओंके अस्त्र भी नहीं लगते और कुपित शत्रु भी अनिष्ट नहीं कर सकते।' सम्राट्ने उस यन्त्रको एक बकरेके गलेमें बांध कर उस पर खड्गके कई प्रहार किये परन्तु यन्त्रके प्रभावसे बकरेके तनिक भी घाव नहीं हुआ। तब फिर उस यंत्रको छत्रदण्ड पर बांध कर उसके नीचे एक चूहेको रखा गया और सामनेसे बिल्ली छोड़ी गई। चूहेको पकड़नेके लिए बिल्ली दौड़ी अवश्य, परन्तु यन्त्रके प्रभावसे छत्रके नीचे न आ सकी, जिससे वह चूहा बाल बाल बच गया। यंत्रका यह अक्षुण्ण प्रभाव देख कर सम्राट्ने ताम्रमय दो यन्त्र बनवा कर एक स्वयं रखा और एक सूरिजीको दे दिया।

इसी प्रकारके चमत्कारी प्रवादोंमें अमावसको पूनम बना देना, शीतज्वरको झोलीमें बांधके रख देना, भैंसेके मुखसे वाद कराना, आदि जनश्रुतियां भी पाई जाती हैं।

बुद्धिशाली कथन–

पं० श्रीशुभशीलगणिके कथाकोशमें उपर्युक्त प्रवादोंके साथ सम्राट्के पूछे हुए दो प्रश्नोंके सूरिजी द्वारा दिये गये युक्तिपूर्ण उत्तरोंके उल्लेख इस प्रकार हैं–

एक वार सम्राट्ने राजसभामें पूछा, कहो–'शक्कर किस चीजमें डालनेसे मीठी लगती है?' पण्डितोंमेंसे किसीने कुछ और किसीने कुछ ही उत्तर दिया। उससे सम्राट्को सन्तोष न होने पर सूरिजीसे पूछा। उन्होंने कहा–'शक्कर मुँहमें डालनेसे मीठी लगती है।'

इसी तरह एक वार, सम्राट् क्रीड़ाके हेतु उद्यानमें गया था, वहां जलसे भरे हुए विशाल सरोवरको देख कर सबसे पूछा–'यह सरोवर धूलि आदि द्वारा भरे बिना ही छोटा कैसे हो सकता है?' कोई भी इस प्रश्नका युक्तिपूर्ण उत्तर न दे सका; तब सूरिजीने कहा–'यदि इस सरोवरके पास अन्य कोई बड़ा सरोवर बनाया जाय तो उसके आगे यह सरोवर स्वयमेव छोटा कहलाने लग जायगा।'

एक समय सुलतानने सूरिजीसे पूछा कि–'पृथ्वी पर कौनसा फल बड़ा है?' उन्होंने कहा–'मनुष्योंकी लज्जा रखने वाली वउणी (कपास)का फल बड़ा है।'

सोमप्रभसूरि मिलन और अपराधी चूहेको शिक्षा–

सं० १५०३ में विरचित श्रीसोमधर्मकृत उपदेशसप्तति और संस्कृत जिनप्रभसूरि-प्रबन्धमें लिखा है कि–एक वार श्रीजिनप्रभ सूरिजी पाटणके निकटवर्त्ती जंघराल नगरमें पधारे तो वहां तपागच्छीय श्रीसोमप्रभ सूरिजीसे मिलनेके लिये गये। सोमप्रभ सूरिजीने खड़े हो कर बहुमान पूर्वक आसनादि द्वारा उनका सन्मान करते हुए कहा–'भगवन्! आपके प्रभावसे आज जैनधर्म जयवन्त वर्त रहा है। आपकी शासन-सेवा परम स्तुत्य है।' प्रत्युत्तरमें श्रीजिनप्रभ सूरिजीने कहा–'सम्राट्की सेनाके साथ एवं सभामें रहनेके कारण हम चारित्रका यथावत् पालन नहीं कर सकते। आपका चरित्रगुण श्लाघनीय है।' इस प्रकार दोनों आचार्योंका शिष्ट संभाषण हो रहा था, इतने-ही-में एक मुनिने प्रतिलेखन करते समय, अपनी सिक्किका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(झोली)को चूहों द्वारा काटी हुई देख कर सोमप्रभ सूरिजीको दिखलाई। श्रीजिनप्रभ सूरिजी भी पासमें बैठे थे, उन्होंने आकर्षणी विद्यासे उपाश्रयके समस्त चूहोंको रजोहरण द्वारा आकर्षित कर लिया और उनसे कहा कि–'तुममेंसे जिसने इस सिक्किकाको काटी हो वह यहां ठहरे, बाकी सब चले जाँय'। तब केवल अपराधी चूहा वहां रह गया, और बाकी सब चले गये। उसे भविष्यमें ऐसा न करनेको कह कर उपाश्रयका प्रदेश छोड़ देनेकी आज्ञा दे दी। इससे श्रीसोमप्रभ सूरि और मुनिमण्डली बड़ी विस्मित हुई।

योगिनी प्रतिबोध–

प्राकृत प्रबन्धमें लिखा है कि–एक वार चौसठ योगिनी श्राविकाके रूपमें सूरिजीको छलनेके लिये आईं और सामायक ले कर व्याख्यान श्रवणार्थ बैठीं। पद्मावती देवीने योगिनीयोंकी भावनाको सूरिजीसे विदित कर दी। तब सूरिजीने उन्हें व्याख्यान श्रवणमें निमग्न देख कर वहां खील करके स्तम्भित कर दीं। व्याख्यान समाप्तिके अनन्तर जब वे उठनेको प्रस्तुत हुईं तो अपनेको आसनों पर चिपकी हुई पाईं। यह देख कर सूरिजीने मृदु हास्यपूर्वक उनसे कहा–'मुनियोंके गोचरीका समय हो गया है, अतः शीघ्र वन्दना व्यवहार करके अवसर देखो!' मन-ही-मन लज्जित होती हुईं योगिनियोंने कहा–'भगवन्! हम तो आपको छलनेके लिये आईं थीं पर आपने तो हमें ही छल लिया। अब कृपा कर मुक्त करें।' सूरिजीने कहा–'हमारे गच्छके अधिपति जब योगिनीपीठ (उज्जैनी, दिल्ली, अजमेर, भरौंच) में जाँय तो उन्हें किसी प्रकारका उपद्रव नहीं करनेकी प्रतिज्ञा करो तो छोड़ सकता हूं।' योगिनियां इस बातका स्वीकार कर स्वस्थान चली गईं। इसके बाद खरतर गच्छके आचार्य सर्वत्र निर्विघ्नतया विहार करते रहे।

शैवोंको जैन बनाना–

सं० १३४४ (?७४)में खंडेलपुरमें जंगल गोत्रके बहुतसे शिवभक्तोंको प्रतिबोध दे कर जैन बनाए।

देवीउपद्रव निवारण–

शुभशीलगणिके कथाकोशमें लिखा है कि–एक नगरमें श्रावक लोगोंको दो दुष्ट देवियां रोगोपद्रवादि किया करती थीं, सूरिजीको ज्ञात होने पर उन्होंने उन देवियोंको आकर्षित कीं। उसी समय उस नगरके संघने दो श्रावकोंको इसी कार्यके लिये सूरिजीके पास भेजा था। उन्होंने, उपद्रवकारी देवियोंको सूरिजी समझा रहे हैं, यह अपनी आँखोंसे देखा तो उन्हें बड़ा विस्मय हुआ। उनके प्रार्थना करनेके पूर्व ही सूरिजीने उस उपद्रवको दूर करवा दिया। श्रावकोंने लौट कर संघके समक्ष सब वृत्तान्त कह कर सूरिजीकी भूरि भूरि प्रशंसा की।

श्रीजिनप्रभ सूरिजीकी साहित्य सम्पत्ति–

श्रीजिनप्रभ सूरिजीने साहित्यकी अनुपम सेवा की है। उनकी कृतियां जैन समाजके लिये अत्यन्त गौरवपूर्ण है। इन कृतियोंमेंसे रचना समयके उल्लेख वाली कृतियोंका निर्देश तो यथास्थान किया जा चुका है। पर बहुतसी कृतियोंमें रचना समयका उल्लेख नहीं है। अतः यहां उनकी सभी कृतियोंकी यथा ज्ञात सूची दी जाती है।

१ कातन्त्र विभ्रमटीका, ग्रं० २६१, सं० १३५२, योगिनीपुर, कायस्थ खेतलकी अभ्यर्थनासे।
२ श्रेणिक चरित्र (द्व्याश्रयकाव्य), सं० १३५६ (कुछ भाग प्रकाशित)
३ विधिप्रपा, ग्रं० ३५७४, सं० १३६३ विजयदशमी, कोशलानयर।
४ कल्पसूत्रवृत्ति–सन्देहविषौषधि, ग्रं० २२६९, सं० १३६४, अयोध्या, (प्रकाशित)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५ अजितशान्तिवृत्ति (बोधदीपिका) सं० १३६५ पोष, ग्रं० ७४०, दाशरथिपुर (प्र०)

६ उपसर्गहरस्तोत्रवृत्ति (अर्थकल्पलता), ग्रं० २७१, सं० १३६४ पो० व० ९, साकेतपुर (प्र०)

७ भयहरस्तोत्रवृत्ति (अभिप्रायचन्द्रिका), सं० १३६४, पो० सु० ९, साकेतपुर।

८ पादलिप्तकृत वीरस्तोत्रवृत्ति, सं० १३८०, (चतुर्विंशतिप्रबन्ध अनुवादके परिशिष्टमें प्र०)

९ राजादि-रुचादिगणवृत्ति, सं० १३८१।

१० विविधतीर्थकल्प, सं० १३९० तकमें पूर्ण (सिंघी जैन ग्रन्थ मालामें प्रकाशित)

११ विदग्धमुखमण्डनवृत्ति (इसकी एक मात्र प्रति बीकानेरके श्रीजिनचारित्रसूरि-भंडारमें है)।

१२ साधुप्रतिक्रमणवृत्ति, जैनस्तोत्रसंदोह, भा० २, प्रस्तावना पृ० ५१ में इसका रचना काल सं० १३६४ लिखा है।

१३ हैमव्याकरणानेकार्थकोष, श्लो० २००, (पुरातत्त्व, वर्ष २, पृ० ४२५ में उल्लिखित)

१४ प्रत्याख्यानस्थानविवरण
१५ प्रव्रज्याभिधानवृत्ति
१६ वन्दनस्थानविवरण
१७ विषमकाव्यवृत्ति
१८ पूजाविधि

इनका उल्लेख, हीरालाल कापडियाकी 'चतुर्विंशति जिनानन्द-स्तुति'की प्रस्तावना, पृ० ४० में है।

१९ तपोटमतकुट्टन

२० परमसुखद्वात्रिंशिका, गा० ३२

२१ सूरिमन्त्राम्नाय (सूरिविद्याकल्प).

२२ वर्द्धमानविद्या, प्रा० गा० १७

२३ पद्मावती चतुष्पदिका, गा० ३७

२४ अनुयोगचतुष्टयव्याख्या (प्र०)

२५ रहस्यकल्पद्रुम, अलभ्य, उल्लेख ग्रं० नं० २४ में।

२६ आवश्यकसूत्रावचूरि (षडावश्यक टीका) उल्लेख 'जैन साहित्यनो सं० इतिहास' तथा जैनस्तोत्र-संदोह भाग २.

२७ देवपूजाविधि – विधिप्रपा परिशिष्टमें प्रकाशित.

जै० सा० सं० इ० ४२०, और जैनस्तोत्रसं० भा० २, प्रस्तावनामें इनके रचित ग्रन्थोंमें, चतुर्विधभावनाकुलक आदि कई अन्य कृतियोंका उल्लेख है पर हमें वे आगमगच्छीय जिनप्रभसूरिरचित प्रतीत होती हैं (देखो, जै० गु० क० भा० १, प्रस्तावना पृ० ८०–८१)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्तुति-स्तोत्रादिकी सूची†

क्रमाङ्क	नाम	पद्य प्रारम्भ	भाषा	पद्यसंख्या	विशेष
१	श्रीजिनस्तोत्र (१० दिग्पाल-स्तुतिगर्भ)	अस्तु श्रीनाभिभूदेवो	सं०	११	श्लेषमय
२	श्रीऋषभजिनस्तोत्र	अल्लाल्लाहि ! तुराहं		११	पारसी भाषा
३	श्रीऋषभजिनस्तोत्र	निरवधिरुचिरज्ञानं		४०	अष्टभाषामय
४	श्रीअजितजिनस्तोत्र	विश्वेश्वरं मथितमन्मथ०		२१	महायमक
५	श्रीचन्द्रप्रभजिनस्तुति	देवैर्यस्तुष्टुवे तुष्टैः	सं०	४	समचरण-साम्य
६	,, ,,	नमो महासेननरेन्द्रतनुज !		१३	षड्भाषामय
७	श्रीशान्तिजिनस्तवन	श्रीशान्तिनाथो भगवान्	सं०	२०	
८	श्रीमुनिसुव्रतजिनस्तोत्र	निर्माय निर्माय गुणर्द्धिं	सं०		त्र्यक्षर यमक
९	श्रीनेमिजिनस्तोत्र	श्रीहरिकुलहीराकर०	सं०	२०	क्रियागुप्त
१०	श्रीपार्श्वजिनस्तोत्र	अधियदुपनमन्तो	सं०	१२	सं० १३६९
११	,, ,,	कामे वामेय ! शक्तिर्भवतु	सं०	१७	
१२	,, ,, (जीरापल्ली)	जीरिकापुरपतिं सदैव तं	सं०	१५	त्र्यक्षर यमक
१३	,, ,, (प्रातिहार्य)	त्वां विनुत्य महिमश्रिया महं	सं०	१०	समचरण-साम्य
१४	,, ,, (नवग्रहग०)	दोसावहारदक्खो	प्रा०	१०	प्राकृत
१५	,, ,,	पार्श्वनाथमनघं	सं०	९	
१६	,, ,,	पार्श्वं प्रभु शश्वदकोपमानम्	सं०	८	पादान्तयमक
१७	,, ,,	श्रीपार्श्व ! पादानतनागराज	सं०	८	,,
१८	,, ,,	श्रीपार्श्वं भावतः स्तौमि	सं०	९	समचरण-साम्य
१९	,, ,,	श्रीपार्श्वः श्रेयसे भूयात्	सं०	४४	
२०	,, (फलवर्द्धि)	सयलाहिवाहिजलहर०	प्रा०	१२	प्राकृत
२१	श्रीवीरजिनस्तोत्र	असमशमनिवासं	सं०	२५	विविधछंद जाति
२२	श्रीवीरजिनस्तोत्र	कंसारिक्रमनिर्यदापगा०	सं०	२५	छंदनाममय
२३	,, ,,	चित्रैः स्तोष्ये जिनं वीरं	सं०	२७	चित्रमय
२४	,, ,,	निस्तीर्णविस्तीर्णभवार्णवं	सं०	१७	लक्षणप्रयोग
२५	,, (पंचकल्याणक)	पराक्रमेणेव पराजितोऽयं	सं०	३६	
२६	,, ,,	श्रीवर्द्धमानपरिपूरित०	सं०	१३	

† इनमेंसे नं० ८, १५, २९, ३३ अप्रकाशित हैं, अवशेष सब प्रकरण रत्नाकर, जैनस्तोत्रसमुच्चय, जैनस्तोत्रसन्दोह, प्राचीनजैनस्तोत्रसंग्रह आदिमें प्रकाशित हो गये हैं। नं० २ सावचूरि जैन साहित्यसंशोधकमें प्रकाशित हो चुका है। नं० १४, ४१ की अवचूरि, टिप्पण उपलब्ध है। पं० लालचंद भगवानदासने इस सूचीके अतिरिक्त "किं कप्पतरुरे" आदि वाले पंचपरमेष्ठिस्तवका भी नाम लिखा है। हीरालाल रसिकदास कापड़िया सूरिजीके सभी स्तोत्रोंका संग्रहग्रन्थ सम्पादित करके दे० ला० पु० फंडसे प्रकाशित करने वाले हैं। वह शीघ्र ही प्रगट हो यही हमारी मनोकामना है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	नाम	पद्य प्रारम्भ	भाषा	पद्यसंख्या	विशेष
२७	,, ,,	श्रीवर्द्धमानः सुखवृद्धयेऽस्तु	सं०	९	पद्यके आद्यान्ताक्षरोंमें नामोल्लेख
२८	,, (निर्वाणकल्याणक)	श्रीसिद्धार्थनरेन्द्रवंश०	सं०	१९	
२९	,, ,,	सिरिवीयराय देवाहिदेव	प्रा०	३५	प्राकृत
३०	,, ,,	स्वःश्रेयससरसीरुह –	सं०	२६	पंचवर्गपरिहार
३१	,, (चतुर्विंशतिजिनस्तव)	आनन्दसुन्दरपुरन्दरनम्रः	सं०	२९	
३२	,, ,,	आनम्रनाकिपति०	सं०	२५	
३३	चतुर्विंशतिजिनस्तोत्र	ऋषभदेवमनन्तमहोदयं	सं०		त्र्यक्षर यमक
३४	चतुर्विंशतिजिनस्तोत्र	ऋषभ ! नम्रसुरासुर०	सं०	२९	त्र्यक्षर यमक
३५	,,	ऋषभनाथमनाथनिभानन !	सं०	२९	,,
३६	,,	कनककान्तिधनुःशत०	सं०	२९	,,
३७	,,	जिनर्षभ ! प्रीणितभव्यसार्थ !	सं०	७	
३८	,,	तत्त्वानि तत्त्वानि भृतेषु सिद्धं	सं०	२८	त्र्यक्षर यमक
३९	,,	पात्वादिदेवो दशकल्पवृक्षः	सं०	२९	श्लेष
४०	,,	प्रणम्यादि जिनं प्राणी	सं०	२८	
४१	,,	यं सततमक्षमालोप०	सं०	३०	
४२	श्रीवीतरागस्तोत्र	जयन्ति पादा जिननायकस्य	सं०	१६	
४३	श्रीअर्हदादिस्तोत्र	मानेनोर्वी व्यूढत परितो	सं०	८	
४४	श्रीपंचनमस्कृतिस्तोत्र	प्रतिष्ठितं तमःपारे	सं०	३३	
४५	श्रीमन्त्रस्तोत्र	स्वःश्रियं श्रीमदर्हन्तः	सं०	५	
४६	पंचकल्याणकस्तोत्र	निलिम्पलोकायितभूतलं	सं०	८	
४७	श्रीगौतमस्वामिस्तोत्र	जम्मपवित्तियसिरिमग्गह	प्रा०	२५	प्राकृत
४८	,,	श्रीमन्तं मगधेषु गोर्वर इति	सं०	२१	
४९	,,	ॐ नमस्त्रिजगन्नेतु	सं०	९	महामंत्रगर्भित
५०	श्रीशारदास्तोत्र	वाग्देवते ! भक्तिमतां	सं०	१३	चरणसमानता
५१	श्रीशारदाष्टक	ॐ नमस्त्रिजगद्वन्दितक्रमे !	सं०	९	
५२	श्रीवर्द्धमानविद्या	इय वद्धमाण विज्जा	प्रा०	१७	
५३	सिद्धान्तागमस्तोत्र	नत्वा गुरुभ्यः	सं०	४६	
५४	आज्ञास्तोत्र (ऋषभ०)	नयगमभंगपहाणा	प्रा०	११	प्राकृत
५५	श्रीजिनसिंहसूरिस्तोत्र	प्रभुः प्रदद्यान्मुनिपक्षिपङ्क्ति	सं०	१३	चरणसाम्य
५६	मङ्गलाष्टक	नतसुरेन्द्र ! जिनेन्द्र !	सं०	९	चौवीस जिननामगर्भित
५७	नन्दीश्वरकल्पस्तव	आराध्य श्रीजिनाधीशान्	सं०	४९	

इनके अतिरिक्त हमारे अन्वेषणमें निम्नोक्त स्तोत्र और मिले हैं –

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	नाम	पद्य प्रारम्भ	भाषा	पद्यसंख्या	विशेष
५८	श्रीफलवर्धिपार्श्वस्तोत्र	श्रीफलवर्धिपार्श्वप्रभो कारं	सं०	९	सं० १३८२ वै० सु० १०
५९	फलवर्द्धिपार्श्वस्तोत्र	जयामह्य श्रीफलवर्धिपार्श्व	सं०	२१	
६०	पार्श्वनाथस्तवन	असमसरणीय जउ निरंतरा	प्रा०	७	ऋतुवर्णन
६१	परमेष्ठिस्तव (मंगलाष्टक)	जितभावद्विषं खर्विदाम्	सं०	८	
६२	चन्द्रप्रभचरित्रस्तोत्र	चंदप्पह २ पणमिय चर०	प्रा०	२२	
६३	मथुरायात्रास्तोत्र	सुराचलश्रीर्जितदेवनिर्मिता	सं०	१०	
६४	शत्रुञ्जययात्रास्तोत्र	श्रीशत्रुंजयतित्थे	प्रा०	९	सं० १३७६ यात्रा
६५	मथुरास्तूपस्तुतयः	श्रीदेवनिर्मितस्तूपशृंगारति०	सं०	४	
६६	पंचकल्याणकस्तुतयः	पद्मप्रभप्रभोर्जन्मगर्भा०	सं०	१५	
६७	त्रोटक	निय जम्मु सफल	प्रा०	५	
६८	पहाड़िया राग	अकलु अमलुअ जोणि संभवु	प्रा०	४	
६९	प्रभातिक नामावलि	सौभाग्याभाजनमभंगुर	(विधिप्रपाके परिशिष्टमें प्रकाशित)		
७०	प्राकृतसिद्धान्तस्तव	सिरि वीरजिणं सुयरयण	(समाचारी शतक पृ० ७६ में प्र०)		
७१	उवसग्गहरपादपूर्ति पार्श्वस्तवन		गा०	२२	
७२	मायाबीजकल्प		प्रा०गा०	३०	
७३	शान्तिनाथाष्टक	अजिकुह काफु जुनू०	पारशीभाषाचित्रक		

श्रीजिनप्रभसूरिकी शिष्यपरम्परा।

१ श्रीजिनदेव सूरि—आप सा० कुलधरकी पत्नी वीरिणीकी कुक्षिसे उत्पन्न हुए थे। आपने श्रीजिनसिंह सूरिजीके पास दीक्षा ग्रहण की थी। जिनप्रभ सूरिजीने इन्हें अपने पद पर स्थापित किये थे। सुलतान महमदसे जब सूरिजी मिले तब आप भी साथ ही थे। सम्राट्ने सूरिजीके साथ इनका भी बड़ा सन्मान किया था। सूरिजीके विहार करने पर आप सम्राट्के पास बहुत समय तक रहे थे और इनका सम्राट् पर अच्छा प्रभाव था। इनका उल्लेख आगे आ चुका है। आपकी रचित **कालकाचार्यकथा** प्रकाशित हो चुकी है।

२ श्रीजिनमेरु सूरि—आप श्री जिनदेव सूरिजीके शिष्य थे। इनके गुरुभाई श्रीजिनचंद्र सूरि थे।

३ श्रीजिनहित सूरि—इनका रचा हुआ एक वीरस्तवन गा० ९ (हमारे संग्रहके गुटकेमें) है। इनके प्रतिष्ठित १ पार्श्वनाथ पंचतीर्थीका लेख सं० १४४७ फा० ब० ८ सोम श्रीमाल ढोर धिरीयाराम कर्मसिंह कारित, बुद्धिसागरसूरिके धातुप्रतिमा लेखसंग्रह, भा० २, लेखांक ६१७ में प्रकाशित हो चुका है।

४ श्रीजिनसर्व सूरि

५ श्रीजिनचन्द्र सूरि—इनके प्रतिष्ठित प्रतिमा लेख, सं० १४६९, १४९१, १५०६ के उपलब्ध होते हैं।

६ श्रीजिनसमुद्र सूरि—इनकी रचित कुमारसंभव टीका, डेक्कन कालेजवाले संग्रहमें उपलब्ध है।

७ श्रीजिनतिलक सूरि—इनकी प्रतिष्ठित प्रतिमाओंके लेख सं० १५०८ से १५२८ तक के उपलब्ध हैं। इनके शिष्य राजहंसकी की हुई वाग्भट्टालङ्कारवृत्ति सं० १४८६ में लिखित उपलब्ध है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८ श्रीजिनराज सूरि – इनकी प्रतिष्ठित प्रतिमाका लेख सं० १५६२ वै० सु० १० का प्रकाशित है।

९ श्रीजिनचन्द्र सूरि – इनकी प्रतिष्ठित प्रतिमाका लेख सं० १५६६ ज्येष्ठ सुदि २ और सं० १५६७ मा० सु० ५ के उपलब्ध हैं।

१०A श्रीजिनभद्र सूरि – इनकी प्रतिष्ठित प्रतिमाओंके लेख सं० १५७३ वै० सु० ५ और सं० १५६८ मि० सु० ७ के प्रकाशित हैं।

१०B श्रीजिनमेरु सूरि।

११ श्रीजिनभानु सूरि – आप श्रीजिनभद्र सूरिजीके शिष्य थे (सं० १६४१)। इसके पश्चात् आचार्य परम्पराके नाम उपलब्ध नहीं है। सं० १७२६ के नयचक्र वचनिकासे – जो कि श्रीजिनप्रभ सूरिजीकी परम्पराके पं० नारायणदासकी प्रेरणासे कवि हेमराजने बनाई थी – श्रीजिनप्रभ सूरिजीकी परम्परा १८ वीं शताब्दीतक चली आ रही थी, ऐसा प्रमाणित होता है।

श्रीजिनप्रभ सूरिजीकी परम्परामें चारित्रवर्द्धन अच्छे विद्वान् हुए हैं जिनके रचित **'सिन्दूर प्रकर टीका'** (सं० १५०५), **नैषधमहाकाव्य टीका, रघुवंश टीका** – आदि ग्रन्थ उपलब्ध हैं। श्रीजिनप्रभ सूरिजीके शिष्य वाचनाचार्य उदयाकरगणि, जिन्होंने विधिप्रपाका प्रथमादर्श लिखा था, रचित श्रीपार्श्वनाथकलश, गा० २४ हमारे संग्रहके गुटकेमें उपलब्ध है। दि० जैन विद्वान्, पं० बनारसीदासजी, जिनप्रभ सूरिजीके शाखाके विद्वान् भानुचन्द्रके पास प्रतिक्रमणादि पढे थे, ऐसा वे स्वयं अपनी जीवनीमें लिखते हैं।

उपसंहार–

उपर्युक्त वृत्तान्तसे, श्रीजिनप्रभ सूरिजीका जैन साहित्यमें बहुत ऊँचा स्थान है यह स्वतः प्रमाणित हो जाता है। उन्होंने सुलतान महम्मदको अपने प्रभावसे प्रभावित कर जैन समाजको निरुपद्रव बनाया, जैन तीर्थों व मन्दिरोंकी सुरक्षा की। सम्राट्को समय समय पर सत्परामर्श दे कर दीन दुःखियोंका कष्ट निवारण किया। उसकी रुचिको धार्मिक बना कर जनता पर होने वाले अत्याचारोंको रोका। जैन शासनकी तो इन सब कार्योंसे शोभा बढी ही, पर साथ साथ जन साधारणका भी बहुत कुछ उपकार हुआ।

